yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
# यश भारत
नये जमाने के साथ..
● वर्ष- 17 अंक 163 ● कटनी ● शनिवार, 15 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 10 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

**आज का मौसम**

आज सुबह का तापमान

25.2 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

28 डिसे

बारिश के आसार

## शिवपुरी में एएसआई ने रिवॉल्वर से गोली मारकर किया सुसाइड

शिवपुरी ● एजेंसी
yashbharat.co.in

शिवपुरी के खनियाधाना थाने में पदस्थ एएसआई सुकल मरावी ने सुसाइड कर लिया। उन्होंने अपने सिर में सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारी। घटना शुक्रवार रात की है। शनिवार सुबह उनका शव मिला।

# राजघाट -आईटीओ आज भी पानी-पानी, डेंजर जोन में दिल्ली

## बारिश का येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

**दिल्ली वालों पर संकट टला नहीं है. पिछले चार दिन से दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात हैं. यमुना उफान पर है और पूरी दिल्ली को गिरफ्त में लेने की तरफ कदम बढ़ा रही है. आईटीओ और राजघाट पानी में डूब गया है. पूरे इलाके को जलमग्न देखा जा रहा है. सड़कों पर पानी का कब्जा है. सुप्रीम कोर्ट के करीब तक यमुना का पानी पहुंच गया है. एक दिन पहले शुक्रवार को बाढ़ के पानी में डूबने से तीन लड़कों की जान चली गई है। हालांकि, दो दिन से दिल्ली में बारिश नहीं होने से राहत मिली है. लेकिन, मौसम विभाग ने आज यानी 15 जुलाई को हल्की बारिश की संभावना जताई है. दिल्ली में न्यूनतम तापमान 27 डिग्री और अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. नोएडा और गाजियाबाद में भी गरज के साथ बारिश होने का अलर्ट है।**



### दिल्ली में इसलिए हो गया जलभराव

उफनती यमुना ने शुक्रवार को शांत होने के संकेत दिए, लेकिन इंद्रप्रस्थ इलाके में यमुना नदी का तटबंध टूट जाने से आईटीओ जैसे दिल्ली के कुछ हिस्सों में जलजमाव हो गया और बाढ़ का पानी सुप्रीम कोर्ट कैंपस के करीब पहुंच गया. इलाके में एक नाले के बैकफ्लो के कारण राजघाट स्थित महात्मा गांधी स्मारक में भी पानी घुस गया. यमुना की बाढ़ दिल्ली के लिए मुश्किल बनती जा रही है. हालांकि सेना की मदद से शुक्रवार रात यह तटबंध ठीक कर दिया गया है।

### आईटीओ पर कम नहीं हुआ पानी

शनिवार सुबह 6 बजे यमुना का जलस्तर 207.68 मीटर दर्ज किया गया है. एक घंटे बाद यानी सुबह 7 बजे यमुना 207.62 मीटर पर पहुंच गई. पुरानी दिल्ली रेलवे ब्रिज पर यमुना नदी का प्रवाह धीरे-धीरे कम हो रहा है. यमुना में पानी का स्तर भले काम हो रहा हो, लेकिन आईटीओ पर पानी उतना ही बना हुआ है. शुक्रवार की सुबह और शनिवार की सुबह में बिल्कुल भी फर्क नहीं आया है. आयकर भवन हो या महानिदेशक लेखा परीक्षा का कार्यालय, सबके परिसर में पानी है और यह लेबल कम नहीं हुआ है।



### ड्रैनेज रेगुलेटर टूटने से बिगड़े हालात

दरअसल, तटबंध के टूटने से ड्रैनेज रेगुलेटर डैमेज हो गया था और नदी का पानी ITO, रिंग रोड, राजघाट, इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन, आईपी डिपो, विकास मार्ग, सुप्रीम कोर्ट परिसर और लाल किले तक पहुंच गया था. पूर्वी और मध्य दिल्ली को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण हिस्सों में से एक विकास मार्ग को ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया है. वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई और यात्री घंटों तक ट्रैफिक जाम में फंसे रहे।

### बाढ़ के पानी में नहा रहे तीन लड़के डूबे

वहीं, उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुकुंदपुर चौक इलाके में बाढ़ के पानी में नहाते समय तीन लड़के डूब गए. पिछले सोमवार को यमुना का पानी खतरे के निशान को पार कर गया था, उसके बाद दिल्ली में बाढ़ से पहली बार मौतें हुईं. दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने दावा किया कि मेट्रो निर्माण स्थल पर एक खाई में तीनों युवकों की जान गई है. वहीं, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने सफाई दी और कहा, हमारी साइटों से ऐसी कोई घटना रिपोर्ट नहीं की गई है।

### घट रहा है यमुना का जलस्तर

दिल्ली मेट्रो ने कहा, DMRC की साइटों पर ठीक से बैरिकेडिंग की गई है. सिर्फ अधिकृत कर्मचारियों के लिए ही प्रवेश दिया जाता है. बताते चलें कि तीन दिन पहले यमुना ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया था. हालांकि, शुक्रवार रात 11 बजे यमुना का जलस्तर घटकर 207.98 मीटर पर आ गया।

### ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट शुरू

- यमुना का जलस्तर कम होने पर गुरुवार को बंद पड़े ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को शुरू कर दिया गया है.
- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, अगर शनिवार को यमुना का स्तर 207.7 मीटर तक कम हो जाता है तो वजीराबाद और चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट फिर से शुरू कर दिया जाएगा.
- सेना ने आईटीओ बैरोज के जाम हो गए 5 गेटों को भी खोल दिया है. उम्मीद की जा रही है कि इन गेट के खोले जाने से पानी की निकासी तेज हो जाएगी और दिल्ली को अगले कुछ घंटे में बाढ़ से राहत मिल जाएगी.
- इस बीच, उत्तर पश्चिमी दिल्ली के किंग्सवे कैंप में ब्लाइंड स्कूल के परिसर में बाढ़ का पानी घुस गया, जिसके के बाद 60 से अधिक छात्रों को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने सुरक्षित बचाया.
- एनडीआरएफ की टीम ने नावों की मदद से 60 कुत्तों और 50 गायों को बचाया. ये बाढ़ के कारण मयूर विहार के एक पशु आश्रय गृह में फंस गए थे.
- दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण यमुना के आसपास के श्मशान घाटों में भी पानी भर गया है. मेयर शैली ओबेरॉय ने बताया कि बाढ़ के कारण निगमबोध घाट, गीता कॉलोनी, वजीराबाद और सराय काले खां के शवदाहगृह बंद कर दिए गए हैं.
- दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने विकास मार्ग पर दोनों दिशाओं में वाहनों की आवाजाही बंद कर दी. लक्ष्मी नगर टी-प्वाइंट से आईटीओ के ए पॉइंट तक और इसके विपरीत किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं है.
- पूर्वी और मध्य दिल्ली को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों में से एक विकास मार्ग पर आवागमन बंद है. महात्मा गांधी मार्ग के दोनों कैरिजवे पर वाहनों की आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी गई है.
- दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक कंट्रोलिंग और यात्रियों को रास्ता दिखाने में मदद करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में 4,500 से अधिक यातायात कर्मियों को तैनात किया है. पानी कितनी तेजी से घट रहा है, इसके आधार पर यातायात प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे.
- आईएमडी ने शनिवार के लिए च्येलोज अलर्ट जारी किया है. राजधानी में मध्यम और गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है।

**» न्यूज गैलरी**

## शिया समर्थकों ने इराक में अमेरिकी हस्तक्षेप के विरोध में किया प्रदर्शन

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

इराक की राजधानी बगदाद में सैकड़ों शिया समर्थक ने देश के आंतरिक मामलों में अमेरिका के हस्तक्षेप के विरोध में प्रदर्शन किया। शफाक न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को सैकड़ो प्रदर्शनकारी बगदाद की सड़कों पर देखे गये। प्रदर्शनकारी ग्रीन ज़ोन के प्रवेश द्वार पर एकत्र हुए। रिपोर्ट में बताया गया है कि शिया समूहों के समर्थकों ने इराक के आंतरिक मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप के साथ-साथ उसके समूह के नेताओं को खत्म करने की वाशिंगटन की चेतावनी के विरोध में यह प्रदर्शन किया। प्रदर्शनों के बीच बगदाद में अमेरिकी दूतावास की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया। अमेरिकी राजनयिक मिशन के पास तीन हजार से अधिक इराकी सुरक्षा बल तैनात किए गए है।

## मुख्यमंत्री गहलोत के कोटा आगमन पर उनकी राह रोकेंगे भरत सिंह

कोटा ● ईएमएस
yashbharat.co.in

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जब भी कोटा में आगमन होगा,तब उनकी ही पार्टी के वरिष्ठ विधायक भरत सिंह कुंदनपुर ने बारां जिले के खान की झोपड़िया गांव को कोटा जिले में शामिल करने की मांग और सीमलिया में कांग्रेस के एक मंडल अध्यक्ष को धमकाने और मारपीट करने के मामले में पुलिस के कोई कार्यवाही नहीं करने के खिलाफ अपना विरोध जताते हुए प्रदर्शन करने का फैसला किया है। श्री सिंह का आरोप है कि खान की झोपड़िया गांव नैसर्गिक रूप से बारां नहीं बल्कि कोटा जिले का हिस्सा होने के बावजूद प्रशासनिक त्रुटि की वजह से उस समय बारां जिले की सीमा में शामिल कर लिया गया था, नए जिले के गठन की इस प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक स्तर पर हुई त्रुटि के कारण गलत आकलन कर लिए जाने की वजह से यह गांव पलायथा क्षेत्र में कोटा के सिरे की ओर होने के बावजूद बारां जिले में शामिल कर लिया गया जबकि वहां से दोनों जिलों के बीच की विभाजन रेखा मानी जाने वाली कालीसिंध नदी बहती है।

## व्यापार लुढ़कते ही चीन की निकली हेकड़ी, भारत से लगाई संबंध सुधारने की गुहार


नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारत के साथ तनावपूर्ण संबंध के बीच चीनी राजदूत वांग यी का बड़ा बयान आया है। उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एक जयशंकर से कहा है कि द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने की जरूरत है। दोनों देश सीमा पर बढ़ते सैन्य तनाव को कम करने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आसियान बैठकों के मौके पर वांग ने जयशंकर से कहा कि दोनों देशों के बीच संदेह के बजाय आपसी समर्थन की जरूरत है।

## 7.27 लाख सालाना इनकम पर भी नहीं लगेगा टैक्सः वित्त मंत्री सीतारमण

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग के लोगों को कई कर लाभ दिये हैं। इसमें 7.27 लाख सालाना आय वाले लोगों को आयकर से छूट शामिल है। सीतारमण ने कहा कि सरकार समाज के हर व्यक्ति को साथ लेकर चल रही है। जब 2023-24 के केंद्रीय बजट में सात लाख रुपये तक की कमाई वालों के लिए आयकर छूट प्रदान करने का फैसला किया गया था, तब कुछ तबकों में इसको लेकर संदेह जताया गया था। संदेह इस बात को लेकर था कि सात लाख रुपये से कुछ अधिक की कमाई वाले का क्या होगा। वित्त मंत्री ने कहा, इसलिए, हमने यह पता लगाने के लिये कि आप प्रत्येक अतिरिक्त एक रुपये के लिये किस स्तर पर कर का भुगतान करते हैं, एक टीम के रूप में बैठकर विचार किया...




उदाहरण के लिये 7.27 लाख रुपये के लिये, अब आप कोई कर नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, आपके पास 50,000 रुपये की मानक कटौती भी है। सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का कुल बजट 2013-14 में 3,185 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में बढ़कर 22,138 करोड़ रुपये हो गया है।

## पाकिस्तान को झंडा फहराने के लिए भी पड़ गई कर्ज की जरूरत

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो चुकी है। पंजाब प्रांत की सरकार ने देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 अगस्त को 500 फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर अपना राष्ट्रीय ध्वज फहराने की घोषणा की है। इसकी लागत लगभग 40 करोड़ पीकेआर (पाकिस्तानी रुपया) है। पाकिस्तान यह घोषणा करने की स्थिति में तब आया जब उसे अपनी ढहती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बेलआउट पैकेज मिला है। नकदी संकट से जूझ रहा पाकिस्तान लाहौर चौक के लिबर्टी चौक पर यह झंडा फहराएगा। छह साल पहले यानी 2017 में पाकिस्तान ने अटारी-वाघा सीमा पर दक्षिण एशिया में सबसे ऊंचा 400 फुट ऊंचा झंडा फहराया था। 120×80 फीट का झंडा पाकिस्तान के सात दशक पुराने इतिहास में सबसे बड़ा था। पाकिस्तानी अधिकारियों का यह फैसला आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को 3 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज को मंजूरी देने के कुछ दिनों बाद आया है। पाकिस्तान को आर्थिक रूप से स्थिर करने के लिए यह



धनराशि नौ महीनों में जारी की जाएगी। आपको बता दें कि पंजाब प्रांत को विदेशी ऋण चुकाने के लिए अगले दो वर्षों में कम से कम 2,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। इससे पहले 12 जुलाई को पाकिस्तान को अपने भंडार को बढ़ाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात से 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर मिले थे। इसके एक दिन बाद सऊदी अरब ने देश के केंद्रीय बैंक को 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर ट्रांसफर किए थे। पाकिस्तान तब से अपनी बिगड़ती अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है।उसे पिछले साल एक बड़ा झटका लगा था। विनाशकारी बाढ़ से 1739 लोगों की मौत हो गई थी। 20 लाख घर नष्ट हो गए और 30 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था।

## शरद पवार की पत्नी की ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में सर्जरी, मिलने पहुंचे अजित पवार

मुंबई ● ईएमएस
yashbharat.co.in



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार की पत्नी प्रतिभा पवार की शुक्रवार को दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में सर्जरी की गई है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी दिए बताया कि प्रतिभा पवार की सर्जरी हाथ से संबंधित है। प्रतिभा पवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनसे मिलने के लिए उपमुख्यमंत्री अजित पवार, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के आधिकारिक आवास चसिल्वर ओकज गए थे। अपने चाचा के खिलाफ बगावत करने के बाद अजित पवार पहली बार सिल्वर ओक गए। अजित पवार राकांपा में बगावत करने के बाद दो जुलाई को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गए थे। अजित पवार अपनी चाची प्रतिभा के करीबी माने जाते हैं। साल 2019 में प्रतिभा पवार ने ही कथित तौर पर उन्हें राकांपा में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जब अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा चुनाव के बाद अल्पकालिक सरकार बनाई थी। राकांपा नेताओं के बीच वह काकी के नाम से मशहूर हैं। प्रतिभा पवार को पार्टी में अभिभावक के रूप में सम्मान दिया जाता है, लेकिन वह कभी भी राजनीति में सक्रिय नहीं रही हैं।

## मैक्रों के डिनर में शामिल हुए मोदी, राष्ट्रपति को भेंट किया चंदन का सितार, फर्स्ट लेडी को सिल्क की साड़ी

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन का फ्रांस दौरा खत्म कर सयुंक्त अरब अमीरात के लिए निकल गए हैं। इससे पहले राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उनके लिए लूव्र म्यूजियम में डिनर होस्ट किया। इस दौरान टोस्ट रेज करते हुए पीएम मोदी ने कहा- भारत और फ्रांस मिलकर दोनों देशों की भलाई के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक सुरक्षा और शांति में भी अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल फ्रांस के सर्वोच्च पुरस्कार से मुझे सम्मानित किया गया। यह मेरे और सभी भारतीयों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। पिछले 25 सालों में दुनिया ने काफी उतार-चढ़ाव देखें हैं, इसके बावजूद भारत और फ्रांस की दोस्ती मजबूत बनी रही। पीएम मोदी के दौरे पर भारत और फ्रांस के बीच 3 स्कॉर्पीन क्लास सबमरीन और लड़ाकू विमान के इंजन मिलकर



बनाने की डील हुई। इससे पहले PM मोदी ने फ्रांस की नेशनल डे परेड में बतौर चीफ गेस्ट शिरकत की। दोनों देशों की तरफ से जॉइंट स्टेटमेंट भी जारी हुआ।

### पीएम मोदी ने मैक्रों को दिया चंदन का सितार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों को तोहफे में चंदन की लकड़ी से बना सितार गिफ्ट किया है। मैक्रों के अलावा PM मोदी ने उनकी पत्नी और फ्रांस की प्रधानमंत्री को भी तोहफे दिए हैं।

## यूपी के सोनभद्र में भी हुआ पेशाब कांड, नशे में धुत थे पीड़ित और आरोपी

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

मध्य प्रदेश के सीधी में हुए पेशाब कांड की चर्चा अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि मध्यप्रदेश के सरहदी क्षेत्र सोनभद्र के जुगैल में एक दलित के साथ भी साधी पेशाब कांड जैसी ही घटना सामने आई है। ये मामला 11 जुलाई का है जब आरोपी जवाहर नशे में धुत था और इस दौरान उसने दलित के ऊपर पेशाब कर दी। ये बात दो दिन बात उजागर हुई, जब वीडियो वायरल हुआ। इस पर पीड़ित का कहना है कि वह भी नशे में था इसलिए उसे संज्ञान नहीं हो पाया।

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जानकारी के मुताबिक पेशाबकांड का मामला सोनभद्र ओबरा विधानसभा व




जुगैल थाना क्षेत्र के ग्राम घटिहटा टोला का बताया जा रहा है। यहां पर दलित युवक पर एक शख्स ने पेशाब कर दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि सोनभद्र पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि वादी और आरोपी दोनों एक दूसरे से परिचित हैं। दोनों ने 11 जुलाई को एक साथ शराब पी थी, उसके बाद दोनो में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपी ने पीड़ित के कान में पेशाब कर दिया। उस दौरान पीड़ित को नहीं पता चला था, जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पीड़ित को इसकी जानकारी हुई। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सोनभद्र से ही आया था जूता चटाने का मामला

इससे पहले यूपी के सोनभद्र जिले में ही राज्य के बिजली विभाग के तेजबली सिंह नामक एक व्यक्ति ने कथित तौर पर एक दलित युवक से अपने पैर चटाने और उठक-बैठक कराने का मामला सामने आया था। अब सोनभद्र जिले से ही एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स एक दलित युवक के कान में पेशाब करते हुए दिखाई दे रहा है।

## बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए रोजाना पहुंच रहे हजारों श्रद्धालु

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक 1 जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के जरिए अबतक 1,87,014 लोग बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। वहीं प्रतिदिन 24,445 श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पूरे देशभर से हजारों की संख्या में लोग बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए पवित्र गुफा पहुंच रहे हैं। शुक्रवार के दिन कुल 24,445 लोग बाबा अमरनाथ के दर्शन करने पहुंचे। इसमें 17,583 पुरुष, 5,643 महिलाएं, 993 बच्चे, 220 साधु और 6 साध्वी शामिल हैं।

### प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कर रहे बाबा बर्फानी के दर्शन

अबतक मिली जानकारी के मुताबिक बाबा अमरनाथ के दर्शन के अबतक 1,87,014 लोग आ चुके हैं। इस यात्रा के मद्देनजर



श्रद्धालुओं की मदद के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। बीते दिनों आई जानकारी के मुताबिक यात्रा शुरू होने के पहले 5 दिनों में 67 हजार से अधिक तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन करने पहुंचे थे। बता दें कि बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए 1 जुलाई से यात्रा को शुरू कर दिया गया है। इस बाबत यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। यह यात्रा 45 दिन तक चलेगी जो कि 15 अगस्त के दिन श्रावण पूर्णिमा के साथ ही संपन्न होगी।

**सीसीटीवी से हो रही निगरानी**

### सीसीटीवी से हो रही निगरानी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यात्रा मार्ग में मजबूत और वास्तविक समय की निगरानी के लिए कमांड कंट्रोल सेंटर यानी सीसीसी स्थापित किया गया है। जांच के लिए लिहाज से लाइव फीड चल रही है कि कहीं किसी यात्रा मार्ग पर किसी को कोई समस्या तो नहीं है। ताकि किसी भी तरह की समस्या का निपटान किया जा सके। बता दें कि सीसीसी आपात स्थिति, आपदा जैसे स्थितियों को पहचानने, लापता व्यक्तियों की पहचान करने और उनका पता लगाने में मदद करता है। बता दें कि अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पूर्व यात्रियों के लिए कुछ दिशानिर्देश जारी किए गए थे।

## भारतीय नौसेना होगी पहले से ज्यादा ताकतवर
## बेड़े में शामिल होंगे 26 नेवी राफेल



नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारत सरकार ने भारतीय नौसेना को नवीनतम पीढ़ी के लड़ाकू विमानों से लैस करने के लिए नौसेना राफेल के चयन की घोषणा कर दी है। भारतीय नौसेना के 26 राफेल, पहले से ही सेवा में मौजूद 36 राफेल में शामिल हो जाएंगे। इस बात की जानकारी डसॉल्ट एविएशन ने दी है। यह निर्णय भारत में आयोजित एक सफल परीक्षण अभियान के बाद आया है, जिसके दौरान नौसेना राफेल ने प्रदर्शित किया कि यह भारतीय नौसेना की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करता है और इसके विमान वाहक की विशिष्टताओं के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। ये जानकारी भी डसॉल्ट एविएशन की तरफ से आई है।

### भारत होगा मजबूत

गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की ओर से इस प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया था। इसके नेवी में शामिल होने से ताकत के साथ-साथ सैन्य कौशल भी बढ़ेगा। भारतीय अधिकारियों जो कवायत शुरू की थी, उसी का ये परिणाम बताया जा रहा है। समंदर में इससे भारत की शक्ति कई गुना बढ़ जाएगी और भारत राफेल के दोनों एडिशन (एयर और नेवी) को अपने बेड़े में शामिल करने वाला एक शक्तिशाली देश होगा।

# मेडिकल के चारों तरफ कब्जे बरकरार

## ठगे जा रहे मरीज, गली बना मुख्य मार्ग

**जबलपुर, यशभारत।** मेडिकल जबलपुर का नहीं पूरे महाकौशल का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां करीब एक दर्जन जिलों के हजारों मरीज प्रतिदिन आते हैं। वहीं बायपास से लगा होने के चलते यह शहर के एंट्री प्वाइंट है। हर लिहाज से महत्वपूर्ण मेडिकल अस्पताल में यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने और उसके चारों तरफ के क्षेत्र को कब्जा मुक्त कराने की दिशा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गये। गुंडागर्दी और नेतागिरी के दम पर मेडिकल कालेज अस्पताल के चारों तरफ का बड़ा हिस्सा अवैध कब्जे का शिकार है। जिससे जहां यातायात हमेशा बाधित रहता है, वहीं अलग अलग नामों से दूर दराज से आने वाले मजदूरों को लूटने का भी खेल धड़ल्ले से जारी रहता है। अति तो तब हो गई जब मुख्य द्वार के सामने अतिक्रमण जम गए। कहने को यहां पक्की दुकानें हैं, फिर भी बीच सडक़ तक कब्जे कर व्यापार किया जा रहा है। जिसके चलते अच्छी खासी चौड़ी सडक़ भी किसी संकरी गली सी बन जाती है।

### गली बन गई चौड़ी सड़क

मेडिकल अस्पताल मुख्य द्वार के ठीक सामने तिलवारा की ओर जाने वाली रोड को चाय, पान, समोसे के ठेले लगाने व दुकानदारों के अतिक्रमण ने बॉटल नेक बना दिया है। करीब तीस फीट चौड़ी सडक़ यहां बमुश्किल दस से आठ फीट ही बचती है। दुकानदार अपनी दुकानें बिल्कुल सडक़ पर लगाकर लगा रहे हैं। यहां आने वालों के वाहन जब खड़े होते हैं तो कोई भी वाहन यहां से रेंगते हुए ही गुजरता है। कई बार तो जाम भी लग जाता है। ग्राहकों के वाहनों को हटाने यदि किसी ने कहा तो दुकानदार झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। ये स्थिति प्रतिदिन देखी जा सकती है। मुख्य मार्ग से करीब 30 फीट पीछे दुकानें बनी हैं। किंतु दुकानदार नियत जगह से दुकान न लगाकर 20 से 25 फीट बाहर अपना सामान बेचने को लिए सजा लेते हैं। जो सीधे सडक़ किनारे पहुंच जाते हैं।



ठगे जा रहे मरीज, गली बना मुख्य मार्ग



जबलपुर। मेडिकल जबलपुर का नहीं पूरे महाकौशल का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां करीब एक दर्जन जिलों के हजारों मरीज प्रतिदिन आते हैं। वहीं बायपास से लगा होने के चलते यह शहर के एंट्री प्वाइंट है। हर लिहाज से महत्वपूर्ण मेडिकल अस्पताल में यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने और उसके चारों तरफ के क्षेत्र को कब्जा मुक्त कराने की दिशा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गये। गुंडागर्दी और नेतागिरी के दम पर मेडिकल कालेज अस्पताल के चारों तरफ का बड़ा हिस्सा अवैध कब्जे का शिकार है। जिससे जहां यातायात हमेशा बाधित रहता है, वहीं अलग अलग नामों से दूर दराज से आने वाले मजदूरों को लूटने का भी खेल धड़ल्ले से जारी रहता है। अति तो तब हो गई जब मुख्य द्वार के सामने अतिक्रमण जम गए। कहने को यहां पक्की दुकानें हैं, फिर भी बीच सडक़ तक कब्जे कर व्यापार किया जा रहा है। जिसके चलते अच्छी खासी चौड़ी सडक़ भी किसी संकरी गली सी बन जाती है।

### पूर्व कलेक्टर ने किये थे प्रयास.......

पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर इलैयाराजा टी. ने अपने मेडिकल मुख्य द्वार से लगे अतिक्रमणों व एम्बुलेंस पार्किंग को हटाकर ग्रीन बेल्ट बनवा दिया था। लेकिन उनके जाते ही यहां ग्रीन बेल्ट के आगे ठेले, टपरे लग गए हैं, अन्य अतिक्रमण भी जस के तस जम गए हैं। इससे अस्पताल के आसपास अराजक स्थिति बन गई है। नगर निगम, अन्याक्रांति दल, सागर बोरकर, प्रभारी, मेडिकल गेट के सामने पहले भी अतिक्रमण की? कार्यवाही की गयी है, शनिवार को सख्ती के साथ हटाया जाएगा, चालान भी काटा जाएगा।

गली बन गई चौड़ी सड़क.....

मेडिकल अस्पताल मुख्य द्वार के ठीक सामने तिलवारा की ओर जाने वाली रोड को चाय, पान, समोसे के ठेले लगाने व दुकानदारों के अतिक्रमण ने बॉटल नेक बना दिया है। करीब तीस फीट चौड़ी सडक़ यहां बमुश्किल दस से आठ फीट ही बचती है। दुकानदार अपनी दुकानें बिल्कुल सडक़ पर लगाकर लगा रहे हैं। यहां आने वालों के वाहन जब खड़े होते हैं तो कोई भी वाहन यहां से रेंगते हुए ही गुजरता है। कई बार तो जाम भी लग जाता है। ग्राहकों के वाहनों को हटाने यदि किसी ने कहा तो दुकानदार झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। ये स्थिति प्रतिदिन देखी जा सकती है। मुख्य मार्ग से करीब 30 फीट पीछे दुकानें बनी हैं। किंतु दुकानदार नियत जगह से दुकान न लगाकर 20 से 25 फीट बाहर अपना सामान बेचने को लिए सजा लेते हैं। जो सीधे सडक़ किनारे पहुंच जाते हैं।

पूर्व कलेक्टर ने किये थे प्रयास.......

पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर इलैयाराजा टी. ने अपने मेडिकल मुख्य द्वार से लगे अतिक्रमणों व एम्बुलेंस पार्किंग को हटाकर ग्रीन बेल्ट बनवा दिया था। लेकिन उनके जाते ही यहां ग्रीन बेल्ट के आगे ठेले, टपरे लग गए हैं, अन्य अतिक्रमण भी जस के तस जम गए हैं। इससे अस्पताल के आसपास अराजक स्थिति बन गई है। नगर निगम, अन्याक्रांति दल, सागर बोरकर, प्रभारी, मेडिकल गेट के सामने पहले भी अतिक्रमण की? कार्यवाही की गयी है, शनिवार को सख्ती के साथ हटाया जाएगा, चालान भी काटा जाएगा।



श्रावण मास में धार्मिक आयोजन

# सत्यानंद योग केंद्र में हरिनाम संकीर्तन

**जबलपुर, यशभारत।** चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल जाबालिपुरम के तत्वावधान में श्रावण मास के 11वें दिन शुक्रवार को सत्यानंद योग केंद्र गोलबाजार में आयोजित भव्य श्री हरिनाम संकीर्तन में श्रीराधे राधे गोविंदा, कोशल्या के प्यारे राम आदि' 'भजनों की कर्णप्रिय सुमधुर के मध्य भक्ति रसगंगा में, भक्तों ने खूब गोते लगाये। इस अवसर पर संकीर्तनाचार्य मनमोहन दुबे, सुनीता पाठक, रंजना मिश्रा, लता गिलानी, रानू पाठक, पद्माकर तलवारे, संयोजक देवेंद्र नेमा, मनोज गुलावबानी, राहुल अवस्थी, विष्णुनारायण मिश्रा, रविशंकर श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश नामदेव, के एल दीक्षित, प्रवीण नेमा, राजेश असाटी, शिवम नामदेव, अवधेश खरे, नारायण सेन, चंद्र प्रकाश राय, रंजीत राय आदि अनेक जन उपस्थित रहे।'

# महंगाई भत्ते के साथ ही हाउस रेंट भी केंद्र के समान दिया जाए

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि हमारे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य कर्मचारियों का डीए केंद्र के समान 42 प्रतिशत किया जिसके लिए हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं महंगाई के इस दौर में कर्मचारियों को जो एचआरए मिल रहा है वह छठवें वेतनमान से मिल रहा है वहीं केंद्रीय कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुसार एच.आर.ए दिया जा रहा है। राज्य कर्मचारियों को मिल रहा एच.आर.ए इस महंगाई के दौर में बहुत कम है। संघके प्रांताध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम ,दिनेश गौड़, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, अफरोज खान, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, योगेश ठाकरे, विनय रामजे, एस.बी.रजक, सुनील झारिया, उमेश ठाकुर, आर.पी.खनाल, क्रिस्टोफर नरोन्हा, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य कर्मचारियों को भी केंद्र के समान 7वे वेतनमान के अनुसार एच.आर.ए दिया जाय।

# अब एक मिनट में मिलेगी 23 साल पुरानी रजिस्ट्री

## जिला पंजीयक कार्यालय में चल रहा डिजिटलाईजेशन

**जबलपुर यशभारत, ।** पुराने दस्तावेज निकलवाना आज भी एक सबसे बड़ी समस्या है। एक एक दस्तावेज के लिये महीनों दर्जन भर चक्कर लगाते आमजन देखे जा सकते हैं। इस समस्या के हल के लिये रिकार्ड रूम में रखे रजिस्ट्री के पुराने दस्तावेजों का डिजिटलाईजेशन किया जा रहा है। विभाग का दावा है कि जल्द ही शहरवासियों को एक क्लिक में पुराने दस्तावेज मिलेंगे। जिले में शुरुआती दौर में 10 साल का डाटा ऑनलाइन होगा। इस काम में विक्रय व दान पत्र के अलावा अतिरिक्त पुस्तक एवं इंडेक्स रजिस्ट्रर के 72 लाख पन्नों की स्कैनिंग की जा रही है। गौरतलब है कि अभी जिला पंजीयक कार्यालयों के रिकॉर्ड रूम में लाखों की संख्या में दस्तावेज रखे हुए हैं। जब पुराने दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है तो उन्हें निकालना काफी कठिन होता है। उसमें समय भी लगता है। इसी प्रकार उनके खराब होने की आशंका बनी रहती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक कार्यालय ने इन दस्तावेजों को डिजीटल फार्मेट में रखने का काम शुरू किया है। वरिष्ठ पंजीयक कार्यालय में यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। दस्तावेजों एक प्रति कार्यालय में रखी जाती है। इन दस्तावेजों से पूरा रिकॉर्ड रूम भर जाता है।



### पलभर में मिलेगा रिकॉर्ड.........

इस काम के कई मकसद है। इससे पारदर्शिता भी बढेगी। कई बार रिकॉर्ड में तब्दीली की बात सामने आती है, लेकिन अब सारे पन्ने ही स्कैन होकर पोर्टल पर आ जाएंगे तो इस तरह की गड़बड़ियों की आशंका कम रहेगी। रिकॉर्ड रूम में जगह बच सकेगी। अभी रोजाना 150 से लेकर 200 रजिस्ट्री पूरे जिले मे होती हैं।

### दो चरणों में हो रहा काम वरिष्ठ .....

पंजीयक कार्यालय इस काम को दो चरणों में कर रहा है। पहले चरण में एक अप्रेल 2006 से 31 जुलाई 2015 तक के दस्तावेजों को शामिल किया गया है। इसमें दो श्रेणी बनाई गई हैं। पहली श्रेणी में विक्रय पत्र, दान पत्र और अतिरिक्त पुस्तक दस्तावेजों को सम्मिलित किया गया है। इसमें एक लाख 98 हजार 608 दस्तावेज हैं। वहीं दूसरी श्रेणी ऋण संबंधी और सप्लीमेंट्री दस्तावेजों की है। इसमें 86 हजार 900 दस्तावेज हैं। इनमें प्रत्येक प्रकरण के दस्तावेज में 25 से 30 पन्ने होते हैं। इस लिहाज से इनकी संख्या 71 लाख पन्ने होती है। पंजीयक कार्यालय अपने रिकॉर्ड रूम में रखे दस्तावेजों को निकालकर ठेका फर्म को दे रहा है। इसकी शुरुआत इंडेक्सिंग रजिस्टर से की गई है। इस रजिस्टर में तमाम प्रकार की जानकारी होती है। ऐसे 306 रजिस्टर की स्कैनिंग की जानी है। इसमें एक लाख 1604 हजार 600 पन्ने हैं।

## नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल अस्पताल में नई शुरूआत

# इमरजेंसी केस के लिए ओटी का शुभारंभ

### आकस्मिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉक्टर मयंक चंसोरिया की मेहनत रंग लाई, मरीजों को अब नहीं होगी परेशानी

जबलपुर, यशभारत। महाकोशल के सबसे बड़े नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में मरीजों को बेहतर और अच्छा इलाज मिले इसके लिए प्रयास जारी है। लगातार चिकित्सा सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है, मरीजों को तत्काल इलाज मिले इस कार्य में डॉक्टर जुटे हुए हैं। इसी के तहत दूर-दराज से आने वाले मरीजों को कम समय पर बेहतर इलाज मुहैया हो इसके लिए अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा विभाग में इमरजेंसी मेडिसन और ओटी कॉम्पलेक्स की नई तरीके से शुरूआत की गई है। इस काम के लिए बीते 9 माह से विभागायध्यक्ष डॉक्टर मयंक चंसोरिया लगे हुए थे। उनके प्रयास और स्टाफ के सहयोग से इमरजेंसी ओटी का शुभारंभ डीन डॉक्टर गीता गुईन के हाथों शुक्रवार को कराया गया। इस ओटी के शुरूआत होने से अब इमरजेंसी केसो को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा आकर कम समय पर मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।





### मरीजों को समय पर इलाज दिलाना पहला लक्ष्य : डॉक्टर मयंक

आकस्मिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉक्टर मयंक चंसोरिया ने बताया कि मेडिकल में सभी विभागों के डॉक्टरों ने एक उद्देश्य और सोच बनाई है कि अस्पताल पहुंचने वाले प्रत्येक मरीज को अच्छा और जल्द इलाज मुहैया हो। इसी को ध्यान में रखकर बीते 9 माह से इमरजेंसी ओटी बनाने में जुटा था। शुक्रवार को इस काम की प्रेरणास्तोत्र



डीन डॉक्टर गीता गुईन से नई ओटी का शुभारंभ कराया गया है। इमरजेंसी ओटी शुरू होने से मरीज के परिजनों को इलाज के लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। ओटी में इमरजेंसी केसो को लिया जाएगा।

### डॉक्टर मयंक मरीजों के हित में काम किया : डीन

इमरजेंसी ओटी का शुभारंभ करने पहुंची डीन डॉक्टर गीता गुईन ने बताया कि आकस्मिक चिकित्सा विभाग की कमान जब से मयंक के पास पहुंची तब से डॉक्टर मयंक पूरी मेहनत से काम कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि मयंक ने इमरजेंसी ओटी का शुभारंभ कराया। मयंक के साथ उनका स्टाफ और अन्य डॉक्टर भी उनका सहयोग कर रहे हैं। मेडिकल का समस्त स्टाफ हमेशा यही सोचता है कि मरीजों को यहां निराशा हाथ न लगे और उन्हें बेहतर इलाज मिले इसके लिए सभी डॉक्टर पूरी मेहनत कर रहे हैं।

# कैंट विधायक ने रांझी स्कूल में किया भूमिपूजन

जबलपुर यशभारत। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांझी में विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा विद्यालय परिसर में हाल निर्माण हेतु दस लाख रू का भूमि पूजन किया गया। जिसके कारण अब विद्यालय के भैया/बहिनों को शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो मे सहभागिता हेतु अब असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम में मुख्य सरस्वती शिक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष विष्णुकांत ठाकुर समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह व्यस्थापक राहुल चौहान, प्रबंध कार्यकारणी सदस्य पुष्पराज सेंगर , पार्षद दामोदर सोनी, डॉ कमल विश्वास , प्राचार्य रमाशंकर यादव , प्रधानाचार्य मोनिका सरकार, अंग्रेजी माध्यम प्राचार्या प्रियंकी श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य टेकराम गोल्हानी, आचार्य दीदी एवं भैया, बहिनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पुष्पराज सेंगर ने किया। आभार प्राचार्य रमाशंकर यादव ने किया।



# ग्वालियर में छात्रा की हत्या पर यादव समाज ने जताया

### कलेक्टर-एसपी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जबलपुर, यशभारत। ग्वालियर के बेटी बचाओ चौराहे पर 10 जुलाई को कोचिंग से लौटते वक्त 17 साल की छात्रा अक्षया यादव की गोली मारकर हत्या के मामले में यादव समाज ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर और एसपी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव ने कलेक्टर व एसपी को मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के नाम पर ज्ञापन सौप कर मांग की है अपराधियों की शीघ्र गिरफ़्तारी की जाए। साथ ही यादव समाज के लोगों पर प्रदेश में निरंतर हो रहे अपराधों पर रोक नहीं लगी तो सम्पूर्ण यादव समाज जल्द ही बड़ा आंदोलन करेगा।





















# सागर में रातभर झमाझम बारिश

## कई जगहों पर जलभराव, स्कूलों में अवकाश घोषित





**सागर यशभारत।** सागर जिले में शुक्रवार-शनिवार की रात झमाझम वर्षा हुई। इससे शहर में कई जगह जलभराव की स्थिति बन गई और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज बारिश के चलते मधुरकशाह वार्ड, शिवाजी वार्ड, तिली वार्ड सहित कई जगह पानी जमा हो गया। कई घरों में भी पानी भर गया। लोग परेशान होते रहे। वहीं भारी बारिश के चलते कलेक्टर दीपक आर्य ने शनिवार को सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। लगातार हुई वर्षा से ग्रामीण इलाकों में नदी-नाले उफान पर हैं। मुख्य सड़कों पर जहां बड़े पुल बने हैं, वहां से आवागमन सुचारू है, लेकिन छोटे पुल, पुलियाओं वाले क्षेत्र में आवागमन बाधित रहा है। कई जगह लोग नालों के उतरने का इंतजार करते रहे। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 24 घंटों में सागर जिले में भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान अति भारी से अत्याधिक भारी वर्षा की भी संभावना है।

### यादव कालोनी के लोग परेशान

मधुकरशाह वार्ड में पिछले साल भी जलभराव हुआ था। यहां स्मार्ट सिटी ने नाला बनवाया है, लेकिन इस बार भी कई घरों में पानी भरा। नाले के आसपास कई घरों में दो-दो फीट पानी भरा। इससे गृहस्थी का सामान खराब हो गया।

### यशविहार, वैशाली नगर में परेशानी

तेज बारिश के चलते यश विहार कालोनी के लोग भी परेशान रहे। इस क्षेत्र की पानी निकासी के लिए भी स्मार्ट सिटी ने नाला बनाया था, लेकिन नाले से पानी नहीं जा रहा था। वहीं आसपास के खेतों में पानी जमा हो गया। स्नेह नगर, वैशाली नगर, गुलाब कालोनी, क्रिश्चियन कालोनी की सड़कें पानी में डूब गई। इससे सुबह लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई।जिला अस्पताल के गेट के पास जमा होने वाले पानी की निकासी के लिए स्मार्ट सिटी ने काम किया था, लेकिन तेज बारिश में पानी का जमाव बंद नहीं हुआ। यहां देर रात से ही पानी भरा रहा। इससे लोग मुश्किल में निकासी कर पाए। आसपास डाक्टर्स सहित अन्य कर्मचारियों के आवासों में भी पानी भर गया। कर्मचारी घरों से पानी निकालते नजर आए।

# समय पर इलाज नहीं मिलना ही चीतों की मौत का बड़ा कारण

■ भोपाल, यशभारत।

लगातार आठवें चीते की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कूनो प्रबंधन पर लागतार लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। बावजूद इसके चीतों की देखरेख में उदासीनता देखने को मिल रही है। समय पर उपचार नहीं मिलना भी मौत का एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। अफ्रीका के विशेषज्ञ और मध्य प्रदेश के डाक्टरों की टीम चीतों की देखरेख के लिए कूनो में तैनात है लेकिन शुक्रवार को सुबह जानकारी मिलने के तीन घंटे बाद तक उपचार की कोई व्यवस्था नहीं की गई।



### तीन घंटे बाद चिकित्सक और अधिकारी मौके पर पहुंचे

चीता तेजस की मौत का कारण भी समय पर उपचार न मिलना बताया जा रहा है। शुक्रवार को जिस चीता सूरज की मौत हुई वह कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। चीता निगरानी दल द्वारा सुबह पालपुर पूर्व परिक्षेत्र के मसावनी बीट में नर चीता %सूरज% को सुस्त अवस्था में लेटा पाया गया। वन्य-प्राणी चिकित्सक दल एवं क्षेत्रीय अधिकारी तीन घंटे बाद मौके पर पहुंचे। लोकेशन ट्रेस करने पर चीता सूरज मौके पर मृत अवस्था में मिला। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण चीता सूरज के गर्दन एवं पीठ पर घाव होना पाया गया। मृत्यु के कारण की विस्तृत रिपोर्ट वन्य-प्राणी चिकित्सकों के दल द्वारा शव परीक्षण के बाद स्पष्ट होगी।

## मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में भोपाल के 8400 युवाओं ने करवाया पंजीयन

भोपाल, यशभारत। युवाओं को कौशल विकास के साथ ही लर्न एंड अर्न की तर्ज पर आन जाब ट्रेनिंग की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत पोर्टल में युवाओं का पंजीयन गत 4 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। भोपाल जिले में 900 से अधिक कंपनियों ने इस योजना में 7 हजार से अधिक रिक्तियां निर्मित हुई है। कंपनियों के रजिस्ट्रेशन में इंदौर के बाद भोपाल दूसरे स्थान पर है। भोपाल जिले में 8 हजार 400 से अधिक अभ्यर्थियों ने योजना के अंतर्गत अपना रजिस्ट्रेशन किया है मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत ऐसे युवक-युवतियां जिनकी उम्र 18 से 29 वर्ष है, तथा मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी है और 12वीं, आईटीआइ या उच्च योग्यताधारी है, वे सभी युवा [illegible] पर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को 8000 से 10000 प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। पंजीयन के पूर्व आवेदक समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी करवाना सुनिश्चित करें। ई-केवायसी के लिए आवश्यक दस्तावेज समग्र, आईडी, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर जरूरी है। योजना के अंतर्गत ट्रेनिंग के दौरान 5 वीं से 12 उत्तीर्ण युवाओं को 8000, आईटीआई पास को 8500, डिप्लोमा धारी को 9000, और स्नातक अथवा उच्च शिक्षित युवाओं को 10 हजार रुपये स्टाइपेंड के रूप में प्रतिमाह प्रतिमाह दिया जाएगा।

## सीधी घटना पर मुखर छत्तीसगढ़ पर मौन, यहीं है कांग्रेस का दौहरा चरित्र : रंजना बघेल



**भोपाल(ईएमएस)।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल ने कहा कि एक ओर कांग्रेस सीधी में हुई घटना पर राजनीति करती है तो वही दूसरी और छत्तीसगढ़ में एक जनजाति युवक पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर जेसीबी से बांधकर उसे रातभर पीटने की घटना पर चुप्पी साधे हुए है। मध्यप्रदेश में किसी भी घटना पर ट्वीट की चिड़िया उड़ाने वाले राहुल गाँधी, प्रियंका गाँधी और कमलनाथ अब छत्तीसगढ़ में जनजाति युवक के साथ हुई बर्बरता पर मौन क्यों है? श्रीमती बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की घटना से खुद को आदिवासियों का हितैषी बताने वाली कांग्रेस का फिर से दोहरा चरित्र उजागर हुआ हैं।श्रीमती रंजना बघेल ने कहा कि जनजाति बंधुओं पर अत्याचार करने का कांग्रेस का पुराना इतिहास रहा है। कांग्रेस ने जनजाति वर्ग को सिर्फ वोटबैंक मानकर उसे बरगलाने और भ्रमित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि सीधी में हुई घटना पर कांग्रेस ने सिर्फ अपनी राजनैतिक रोटियां सेकीं जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने तत्काल आरोपी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कठोर कार्यवाही की।

## बाघ के सिर कटे शव प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, यशभारत। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-प्राणी) ने बताया कि स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और स्थानीय पुलिस के सहयोग से वन्य-प्राणी बाघ के सिर कटे शव के दो आरोपियों को बाघ के अन्य अवयवों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। बैतूल के ग्राम धासई माल तहसील शाहपुर से आरोपी सुबन पिता शंकर भलावी और कमल सिंह पिता ध्यान सिंह कुमरे को गिरफ्तार कर न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष पेश किया गया है।उल्लेखनीय है कि दिनांक 26 जून 2023 को सतपु?ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में बाघ का शव बिना सर के क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया था।

# शिवराज सरकार के राज में व्यापम की भर्ती परीक्षा में निरन्तर घोटाले हो रहे- विवेक त्रिपाठी

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी और युवा कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता गौरव त्रिपाठी ने संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश में हाल ही में कर्मचारी चयन बोर्ड ( व्यापम ) द्वारा आयोजित पटवारी भर्ती परीक्षा में हुई घोटाले को लेकर भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री मंत्री और नेताओं पर परीक्षा में घोटाले के आरोप लगाए और कहा कि पूर्व में ब्लैकलिस्टेड हो चुकी कम्पनियों के संचालक नये नाम से कम्पनी बनाकर अधिकारियों से सांठगांठ कर ठैका प्राप्त कर लेते हैं विवेक त्रिपाठी ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में पटवारी भर्ती परीक्षा शुरुआत से विवादों में रही है जब ये परीक्षा चल रही थी तब एक एग्जाम सॉल्वर गैंग पक?ी गई थी उसके बाद भी परीक्षा चयन बोर्ड द्वारा परीक्षा का संचालन जारी रखा गया 7 जुलाई और 11 जुलाई 2023 को हमारे साथी गौरव त्रिपाठी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी परन्तु विभाग के प्रमुख सचिव मलय श्रीवास्तव का कहना हैं कि हमारे संज्ञान में कोई शिकायत नहीं आई है परीक्षा नियंत्रक डा. हेमलता का कहना हैं कि शिकायत आई थी जांच करवा ली गई है । लेकिन कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा उसके बावजूद भी परीक्षा का आयोजन जारी रखा जिससे स्पष्ट होता हैं कि इसमें भाजपा के कई मंत्री विधायक और भाजपा नेता के साथ साथ कर्मचारी चयन बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी संलिप्त हैं पटवारी भर्ती को लेकर गृहमंत्री का कहना हैं कि बेबुनियाद आरोप हैं विवेक त्रिपाठी ने कहा कि पहले हुए व्यापम घोटाले के समय भी आपका यही बयान था । त्रिपाठी ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द इस पुरे मामले की उच्च स्तरीय जांच एजेंसियों से जांच करवाएं अगर जल्दी जांच कर दोषियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो

# मौसमी बुखार की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी

■ भोपाल, यशभारत।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा सीजनल इन्फ्लूएंजा (एच1एन1, एन3एन2) के वैरियंट की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जारी दिशा निर्देश अनुसार इन्फ्लूएंजा एक मौसमी संकमण है, वर्तमान में मौसम की स्थिति एवं व्यवहार संबंधी कारणों व्यक्तिगत स्वच्छता पर पर्याप्त ध्यान न देना, सामाजिक दूरी का ध्यान न रखते हुए सुरक्षा के बिना छींकना और खांसना, इनडोर सभाओं का आयोजन इन्फ्लूएंजा-ए (एच1एन1 एन3एन2) एडेनोवायरस से फैलने वाले संक्रमण के लिए वातावरण अनुकूल बनाते है।स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सीजनल इन्फ्लूएंजा की शंका होने पर तत्काल जांच कराई जाये तथा भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल, गाईडलाइन का पालन किया जाए। छोटे बच्चे, बूढ़े व्यक्ति एवं गंभीर बीमारी से पीडित् व्यक्ति विशेष रूप से एडेनवायरस ग्रसित व्यक्ति सतर्क रहें। लक्षणों के संबंध में बताया गया कि आमतौर पर बुखार, खांसी एवं तीव्र श्वसन के साथ संक्रमण प्रकट करने वाली स्वयं सीमित बीमारी का करण बनते हैं।

## मुख्यमंत्री चौहान ने आम, महुआ और नीम के पौधे रोपे

भोपाल (ईएमएस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में आम, महुआ और नीम के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री चौहान के साथ उज्ज्वल भारत अभियान के डॉ. स्वामी देव स्वरूपानंद, स्वर्णकार समाज इन्दौर के ओमप्रकाश सोनी, राकेश सोनी, प्रहलाद सोनी और धीरज सोनी ने पौधे लगाए। मुख्यमंत्री चौहान के साथ इंग्लिश फाउंडेशन स्कूल मंडीदीप के विद्यार्थियों ने भी पौध-रोपण किया। स्कूल के अखिलेश भार्गव, श्रीमती सोनल दीक्षित, विद्यार्थी कुमारी अल्पना दुबे, अमिशा राय, हर्षिता झा और तनिष्क रघुवंशी पौध-रोपण में शामिल हुए। सीहोर जिले के रहटी और बुधनी से आए गजराज सिंह, भगवत सिंह, सुरेश चौहान, शिव चौहान, धर्मेन्द्र चौहान और भरत सिंह ने भी पौधे रोपे। सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री उमंग सोनी, झमकलाल चौधरी और सदानंद मारु भी पौध-रोपण में शामिल हुए।

# आनलाइन सेंधमारी के शिकार ग्राहकों को बैंक आफ बड़ौदा ने किया आश्वस्त, वापस लौटाएंगे रुपये

■ भोपाल, यशभारत।

बैंक आफ बड़ौदा के भोपाल, इंदौर एवं सागर की शाखाओं के ग्राहकों के खातों से अवैध तरीके से रुपये निकालने के अपराध में वीजा मास्टरकार्ड से इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन किए जाने की आशंका है। इस प्रकार के ट्रांजेक्शन में ओटीपी की जरूरत नहीं होती है। कार्ड की बेसिक जानकारियों के आधार पर हैकिंग की जा सकती है। इसके जरिए ग्राहकों के खातों से पैसे निकालकर दूसरे बैंक खाते में जमा किए गए। फिर दूसरे बैंक खातों से एटीएम के जरिए पैसे आसानी से निकाल लिए गए। ये सभी एटीएम दिल्ली के पाए गए हैं। डीसीपी साइबर श्रुतकीर्ती सोमवंशी ने कहा कि आरोपितों की पहचान के लिए एक टीम दिल्ली रवाना कर रहे हैं।

उधर बैंक आफ बडौदा प्रबंधन ने अपनी लिखित सफाई जारी की है। उसमें लिखा है कि घटना प्रथमदृष्टया एक विशिष्ट क्षेत्र में बैंक के कुछ एटीएम पर की गई धोखाधड़ी गतिविधि प्रतीत होती है और यह अकेली घटना है। बैंक



प्रबंधन इस मामले की जांच में पुलिस को पूरा सहयोग दे रहा है। सावधानी के तौर पर, हमने उन सभी ग्राहकों के डेबिट कार्ड ब्लाक कर दिए हैं, जिन्होंने अपने खाते से अनाधिकृत नकदी निकासी होने की सूचना दी है। हमारे ग्राहकों की राशि की सुरक्षा बैंक के लिए सर्वोपरि है। हम धोखाधड़ी से प्रभावित सभी ग्राहकों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि जांच पूरी होने पर उन्हें देय राशि उनके खातों में वापस जमा कर दी जाएगी।

### क्या है मामला

राजधानी में रहने वाले शिवांक का बैंक आफ बड़ौदा में करंट अकाउंट है। आठ जुलाई को उनके फोन पर दोपहर तीन बजकर 18 मिनट पर एक मैसेज अलर्ट आया। वो किसी काम में व्यस्त थे, इसलिए मैसेज पर ध्यान नहीं दिया। इसके ठीक एक मिनट बाद एक और मैसेज आया। इस बार उन्होंने अपना फोन उठाया और मैसेज देखा तो उनके होश उड़ गए। पहले मैसेज में उनके अकाउंट से 15 हजार रुपये निकाले जाने और दूसरे मैसेज में नौ हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी थी।

## राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के लिए सितम्बर तक लक्ष्य निर्धारित

भोपाल(ईएमएस)। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक सामाजिक एकजुटता एवं संस्थागत विकास और स्वरोजगार कार्यक्रम व्यक्तिगत एवं समूह के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के माह सितम्बर 2023 तक के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। यादव ने निर्देशित किया है कि निर्धारित लक्ष्य का 30 प्रतिशत महिला वर्ग, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग, 5 प्रतिशत दिव्यांग वर्ग तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग को स्थानीय जनसंख्या के अनुपात अनुसार लाभांवित किया जाये। योजनांतर्गत विभिन्न घटकों की प्रगति और कार्यवाही की जानकारी एमआईएस पोर्टल पर भी अद्यतन की जाये।योजना के तहत घटकवार व्यय सुनिश्चित करते हुए अनंतिम उपयोगिता प्रमाण-पत्र मुख्यालय भेजें।

# भोपाल में परिवार द्वारा खुदकुशी मामले की एसआइटी करेगी जांच, गृहमंत्री नरोत्तम ने की घोषणा

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के रातीबड़ इलाके में स्थित शिव विहार कालोनी में रहने वाले एक परिवार द्वारा आत्महत्या करने के मामले की जांच एसआइटी को सौंपी जाएगी। प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस बात की घोषणा की है। शुक्रवार सुबह गृहमंत्री नरोत्तम ने पत्रकारों के साथ चर्चा के दौरान कहा कि भोपाल में परिवार के सुसाइड मामले में एसआइटी का गठन किया जा रहा है। यह एसआइटी जोन-वन के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शशांक के नेतृत्व में काम करेगी। नरोत्तम ने कहा कि परिवार को प्रताड़ित करने वाले सभी लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करेंगें। ऐसे एप्लीकेशन वाले नंबरों को चिह्नित भी किया जा रहा है, जिनसे उनको (भूपेंद्र विश्वकर्मा) को धमकी आई थी, दबाव डाला गया था। ऐसे लोन वाले



एप्लीकेशंस को भी चिह्नित किया जा रहा है, इन्हें बैन करने के लिए केंद्र सरकार से भी आग्रह करेंगें।

गौरतलब है कि आनलाइन फ्राड एप कंपनी की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर रातीबड़ स्थित शिव विहार कालोनी में रहने वाले भूपेंद्र विश्?वकर्मा और उनकी पत्नी रितु ने गुरुवार तड़के अपने दोनों बच?चों को जहर देकर मारने के बाद खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी थी। उन्होंने मरने से पहले मेज पर डायरी के बीच में चार पन्नों का सुसाइड नोट लिखा था। इसमें आनलाइन लोन एप कंपनियों की धोखाधड़ी से परेशान होकर इस तरह का कदम उठाने की बात लिखी है। खुदकुशी करने के ठीक पहले सुबह चार बजे युवक ने अपनी भतीजी को वाट्सएप पर पूरे परिवार की सेल्फी और सुसाइड नोट भेजा था। साथ ही लिखा था यह हमारी आखिरी फोटो है। इसके बाद कभी नहीं दिखेंगे। सुबह छह बजे भतीजी ने चाचा का मैसेज पढ़ा, तब घटना का पता चला।

# सीएलसी के दूसरे चरण के बाद विधि कालेजों में 60 प्रतिशत सीटें रिक्त

भोपाल, यशभारत। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के कालेजों में यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। वहीं बार कार्उसिल आफ इंडिया (बीसीआइ) के पाठ्यक्रमों में प्रवेश कम संख्या में हो रहे हैं।




राजधानी में एलएलबी और एलएलएम कोर्स में प्रवेश काफी कम संख्या में हुए हैं। राजधानी के आठ कालेजों में 60 प्रतिशत से ज्यादा सीटें रिक्त हैं, जबकि स्टेट ला कालेज के एलएलएम पाठ्यक्रम में लगभग सीटें फुल हो चुकी हैं। प्रदेश में 90 विधि कालेजों में 11 हजार 300 सीटों पर प्रवेश देने के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। इसमें अभी तक करीब 39 प्रतिशत प्रवेश हुए हैं। अभी भी 61 प्रतिशत सीटें खाली हैं। इन कालेजों में एक अगस्त से सत्र शुरू होने वाला है। अब विभाग के पास प्रवेश कराने के लिए सिर्फ एक कालेज लेवल काउंसलिंग ( सीएलसी ) बची हुई है। अब कालेजों को सीएलसी के अंतिम चरण में सीटें भरने की उम्मीद है।

### स्टेट ला कालेज में एलएलएम पाठ्यक्रम की सीटें फुल

राजधानी के स्टेट ला कालेज के एलएलएम पाठ्यक्रम की 20 सीटों पर प्रवेश हो चुका है। वहीं एलएलबी की 180 सीटों में से 140 सीटों पर प्रवेश हो चुके हैं। अभी 40 सीटें रिक्त बनी हुई हैं। इन सीटों पर प्रवेश लेने के लिए करीब 72 विद्यार्थियों ने सीएलसी से प्रवेश लेने के लिए पंजीयन करा लिया है।

### प्रदेश में स्थिति

कोर्स - कालेज - सीटें - प्रवेश - रिक्त
एलएलबी - 88 - 11291 - 4477 - 6814
बीएएलएलबी - 17 - 1620 - 381 - 1239
एलएलएम - 42 - 1545 - 647 - 898
एलएलबी आनर्स - 15 - 1560 - 598 - 962

# महिला को पति के दोस्त ने अगवा कर 40 हजार में बेचा, दुष्कर्म हुआ

■ भोपाल, यशभारत।

निशातपुरा थाना इलाके से एक महिला को अगवा कर उसे 40 हजार रुपये में बेच देने के मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र सहित तीन लोगों के खिलाफ अपहरण, मानव तस्करी, दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। आरोपितों में महिला के पति को दोस्त भी शामिल है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक काजी कैंप क्षेत्र में रहने वाली 24 वर्षीय महिला का आए दिन पति से विवाद होता था। अलग रहने के इरादे से महिला ने पति के दोस्त शिवम से कहीं किराए का कमरा दिलवाने को बोला था। चार मार्च को शिवम कमरा दिखाने के बहाने से महिला को उसके मासूम बच्चे के साथ लेकर पहले करोंद पहुंचा। इसके बाद उसे अपने साथ बस से विदिशा पहुंचा। विदिशा में उन्हें रघुवर नाम का बुजुर्ग मिला। रघुवर ने शिवम को 40 हजार रुपये दिए। इसके बाद रघुवर महिला व उसके बच्चे को हीरापुर गांव ले गया। वहां रघुवर ने महिला को अपने बेटे खुशीलाल के सुपुर्द कर दिया। साथ ही बोला कि मेरे बेटे के साथ पत्नी की तरह रहना होगा। पिता-पुत्र ने महिला का मोबाइल फोन भी रख लिया था। खुशीलाल, महिला का शारीरिक शोषण करने लगा। वह उसे कमरे से बाहर भी नहीं निकलने देता था। इक दिन महिला ने मौका पाकर शिवम से संपर्क किया। उसने शिवम से बोला कि वह एक बार उसे पति से मिलवा दे। वह बच्चे को पति के हवाले कर वापस खुशीलाल के पास आ जाएगी। पति के पास आने के बाद उसने घटना के बारे में बताया। इसके बाद पति-पत्नी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत शून्य पर केस दर्ज कर केस डायरी निशातपुरा थाने भेज दी है।

# रसोई गैस सिलिंडर का अनाधिकृत भंडारण, वितरक एजेंसी पर प्रकरण दर्ज

भोपाल यशभारत। गैस वितरक एजेंसी संचालकों द्वारा अनेक अनियमितताएं बरती जा रही थी। उपभोक्ता गोदाम से सिलेंडर खरीदते थे, इसके बाद भी एजेंसी द्वारा उनसे होम डिलेवरी का शुल्क लिया जा रहा था। इसके अलावा एलपीजी गैस का अनाधिकृत रूप से भंडारण तक कर रखा था। यह अनियमितताएं जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा की गई जांच में सामने आईं हैं। इसके बाद पिपलानी थाना पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार के निर्देशों के अनुसार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी हुमा हुजूर, पुष्पराज पाटिल, मयंक द्विवेदी के संयुक्त दल द्वारा मेसर्स फिनिक्स डिस्ट्रिब्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड एचपीसीएल इंद्रपुरी सी सेक्टर की जांच की गई। इस दौरान अनेक अनियमितताएं सामने आईं। इस पर एजेंसी के प्रबंधक अजय कार्की और गोदाम प्रभारी अरविंद अवस्थी पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पिपलानी थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई है। साथ ही एजेंसी से तीन लाख से अधिक की सामग्री जब्त की गई है। जिसके निराकरण के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया गया है।



## एनजीटी ने नगर निगम पर लगाया एक करोड़ रुपये जुर्माना

# कैचमेंट एरिया में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट बनाने पर रोक

■ भोपाल, यशभारत।

बड़े तालाब में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के लिए बनाए जा रहे बेस के निर्माण पर एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) ने गुरुवार को रोक लगा दी। साथ ही यहां फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का ढांचा बनाने व पिलर बनाने की अनुमति देने पर नगर निगम भोपाल को फटकार लगाते हुए एक करोड़ रुपये जुर्माना वसूलने के निर्देश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दिए हैं। इस राशि से जो पर्यावरणीय क्षति हुई है, उसकी भरपाई की जाएगी। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के बेस और पिलर उखाड़ने के बाद इस जगह की मिट्टी से पुराई की जाएगी। साथ ही पौधे भी रोपे जाएंगे। बता दें कि मप्र पर्यटन विभाग ने बड़े तालाब में फ्लोटिंग



रेस्टोरेंट के संचालन की योजना बनाई है। इसके लिए कैचमेंट क्षेत्र में पिलर बनाकर स्थाई ढांचे का निर्माण किया जा रहा था। इसको लेकर फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण कराने वाले मप्र पर्यटन विभाग के पास केवल नगर निगम की अनुमति थी। जबकि एनजीटी ने बीते 21 मार्च को याचिका की सुनवाई के दौरान मप्र पर्यटन विभाग के सचिव को फटकार लगाते हुए बड़े तालाब में किसी भी प्रकार का निर्माण करने पर रोक लगाई थी। इसके बावजूद नगर निगम ने बड़े तालाब के कैचमेंट में निर्माण की अनुमति दी। बता दें कि इस मामले में याचिकाकर्ता की तरफ से हर्षवर्द्धन तिवारी, जबकि नगर निगम की ओर से अधिवक्ता सचिन वर्मा ने पैरवी की।

वन विहार के मुख्य द्वार से 600 मीटर दूर खराब हो चुके म्यूजिकल फाउंटेन के सामने ही इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण किया जा रहा था। लगभग 19 हजार वर्गफीट में बनने वाले रेस्टोरेंट के लिए निगम ने एफटीएल के 50 मीटर अंदर सड़क और रिटेनिंग वाल के बीच निर्माण किया था। निर्माण के लिए जंगली झाड़ियों के साथ दो दर्जन से अधिक बड़े पेड़ों को भी काटा गया था। यहां फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के लिए सीमेंट-कांक्रीट के 22 पिलर खड़े करने थे। फिलहाल यहां पांच पिलर बनकर तैयार हैं। अब यहां कोई भी कंस्ट्रक्शन करने पर एनजीटी ने रोक लगाने के साथ इसे भी एक माह में हटाने के निर्देश दिए हैं। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण कार्य तय नियमों के अनुसार किया जा रहा था। इसमें जरूरी अनुमतियां ली गई थीं।

# जिले के सवा सौ विद्यालयों में अधिकारी लेंगे बच्चों की क्लास

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर आयोजित हो रहा भविष्य से भेंट कार्यक्रम



**कटनी, यशभारत।** जिले के सभी अधिकारी एक दिन के लिए जिले की चिन्हित शासकीय शालाओं में शिक्षक बनकर बच्चों को पढ़ाते नजर आएंगे। यह पहल राज्य शासन द्वारा स्कूल चलें हम अभियान के तहत शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और जन अभियान के रूप में बदलने के उद्देश्य के मद्देनजर की जा रही है। स्कूल चलें हम अभियान को जन आंदोलन में परिणित करने के उद्देश्य से प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुरूप मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 17 से 19 जुलाई तक भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले की समस्त शासकीय शालाओं में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें उक्त दिवस शालाओं में एसएमडीसी /एसएमसी की विशेष बैठक एवम् अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही 17 जुलाई को जिले के सभी विभागों के अधिकारी आबंटित विद्यालयों में उपस्थित होकर एक पीरियड अध्यापन कार्य कराएंगे। इस हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा 126 अधिकारियों का चयन कर सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी कर स्कूल आबंटित किए हैं। उल्लेखनीय है कि भविष्य से भेंट कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल चलें हम अभियान को अधिक प्रभावी बनाते हुए जन अभियान के रूप में परिणित किया जाएगा। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सभी संबंधित अधिकारियों से इसे सफल बनाने और बेहतर क्रियान्वयन करने निर्देशित किया है।

### शैक्षणिक गुणवत्ता बढानें अभी से करें प्रयास

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा में गुरूवार को पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद ने छात्रों एवं शिक्षकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होनें स्कूल के परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु अभी से शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने छात्रों की उपस्थिति और नामांकन दर्ज करनें के विषय मे भी जानकारी ली जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने छात्रों से स्कूल की समस्याओं के संबंध में भी पूछताछ की।



# अब ईश्वरी को पहले से ज्यादा साफ दिखेगी दुनियां

## दिव्यांगता न बने बाधा, इसके लिए कलेक्टर ने प्रदान किए उपकरण

**कटनी, यशभारत।** दिव्यांगता किसी भी बच्चे की शिक्षा में बाधा न बने, इसको लेकर जिले के संवेदनशील कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसी ही एक दृष्टि बाधित मासूम छात्रा का प्रकरण सामने आने पर कलेक्टर द्वारा उसका न सिर्फ आधार कार्ड बनवाया गया बल्कि उसको देख सकने में उपयोगी उपकरण भी प्रदान किए गए, जिससे अब छात्रा पहले से अच्छी तरह देख पाएगी। बरही तहसील के ग्राम करेला निवासी रामलखन केवट की पुत्री ईश्वरी देवी शासकीय प्राथमिक शाला हरिजन टोला में कक्षा 4 की छात्रा है। लगातार प्रयास के बाद भी उसका आधार कार्ड न बन पाने पर रामलखन द्वारा करीब 15 दिन पूर्व कलेक्टर श्री प्रसाद से मुलाकात कर अपनी पुत्री ईश्वरी का आधार कार्ड बनवाने गुहार लगाई गई थी। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिला ई गवर्नेंस अधिकारी सौरभ नामदेव को तत्संबंध में निर्देशित किया गया था। साथ ही कलेक्टर को ईश्वरी की दृष्टि संबंधी दिव्यंगता की जानकारी भी लगी। जिसमें उन्हें पता चला कि ईश्वरी की नेत्र ज्योति काफी कम है। ई गवर्नेंस अधिकारी द्वारा प्रयास कर ईश्वरी का आधार कार्ड बनवाया गया। कलेक्टर द्वारा मासूम छात्रा ईश्वरी को उसका आधार कार्ड आज मंगलवार को प्रदान किया गया साथ ही नेत्र ज्योति की कमी उसकी पढ़ाई में आड़े न आए इसके लिए कलेक्टर ने ईश्वरी को डोम मेग्नीफायर और टेलीस्कोप भी प्रदान किया। जिसका मौके पर ही जब मासूम छात्रा ने इस्तेमाल किया और उसे चीजें पहले से काफी साफऔर अच्छे से नजर आई तो उसका और उसके पिता की खुशी का ठिकाना न रहा।



# मंडी में मिली 375 क्विंटल अवैध भंडारित मूंग

### जांच कार्यवाही प्रक्रियाधीन

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की निगरानी मे रिसाइकिलिंग को रोकने के लिए उठाये गए प्रभावी कदमों की वजह से गुरूवार को बिना मंडी लायसेंस के मूंग के 375 क्विंटल अवैध भंडारण के मामले में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है और जांच जारी है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर मूंग की रिसाइकिलिंग रोकने जिले में दल गठित किये गए है। मंडी सचिव देवेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम पिपरिया निवासी पवन जायसवाल को कृषि उपज मंडी में बिना लायसेंस व्यापार करते हुए पाई गई कृषि उपज मूंग के अवैध भंडारण पर कार्यवाही प्रचलित है। जांच दल मे सहायक उपनिरीक्षक प्रेम कुमार मांझी, राजेन्द्र कुमार चौधरी, किशोर कुमार पनिका, प्रशांत मौर्य, अजय पड़वार और हरिमोहन कोल शामिल थे।





# 1440 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 10 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त

### आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 5 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण, और रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेश पर एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में रोजाना अभियान चलाया जाकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत विगत दिवस आबकारी वृत्त बडवारा के ग्राम सुड्डी, बसाडी, पिपरियाकला, परसवारा, उमड़ा नदी के तट पर खिरहनी में ममता अहिरवार सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाकर आबकारी की टीम बी द्वारा की गई कार्यवाही में कुल जप्ती 1440 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 10 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 ( 1 ) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 74 हजार रूपये है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री मोना दुबे, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक देवेन्द्र प्यासी, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, शिवमूरत नामदेव, वीणा ब्रम्हवंशी शामिल रहे। आपनें जानकारी देते हुए बताया कि जिले में इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# झिन्ना पिपरिया मूंग उपार्जन केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### अन्य उपार्जन केन्द्रों में कराएं ग्रेडर की व्यवस्था

**कटनी, यशभारत।** जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन कार्य जारी है। किसानों से 31 जुलाई तक मूंग की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर अवि प्रसाद नें गुरूवार को विकासखण्ड ढीमरखेड़ा के झिन्ना पिपरिया मूंग उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद वेयर हाऊस में अब तक खरीदी गई मूंग एवं वेयर हाऊस द्वारा जारी किये गये स्वीकृति पत्रकों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा बुक किये गये स्लॉट के अनुसार ही खरीदी की जाये। उपार्जन केन्द्र में मूंग की सफाई हेतु लगाये गए ग्रेडर का अवलोकन कर जिले के अन्य उपार्जन केन्द्रों में भी झिन्ना पिपरिया की तर्ज पर ग्रेडर लगानें के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से उपार्जन केन्द्र में पन्नी एवं तिरपाल की व्यवस्था सुनिश्चित करनें के साथ ही उपार्जन केन्द्र पहुंच मार्ग मरम्मत कराने के निर्देश दिए ताकि वाहनों की सुगत आवाजाही हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जन केन्द्र में उपस्थित किसानों से संवाद भी किया तथा उन्हे आश्वस्त किया गया कि हमारा यही प्रयास होगा की किसानों का एक भी दाना रिजेक्ट न हो। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण कुंजीलाल पटेल द्वारा रिकार्ड दुरूस्त न होने संबंधी जानकारी दिये जाने पर एस.डी.एम श्रीमती विंकी उईके सिंहमारे को रिकार्ड दुरूस्त करानें हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेडा विनोद पाण्डे, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों की मौजूदगी रही।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने वाले कर्मचारी होंगे सम्मानित

**कटनी, यशभारत।** सी.एम. हेल्पलाइन की माह मई 2023 की जारी ग्रेडिंग उपरांत नवीन मापदंड अनुसार जिले में एल-1 स्तर पर 25 से अधिक प्राप्त शिकायतों में संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने बताया कि उर्जा विभाग के समूह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले उर्जा विभाग के मो0 आयूब खान अधीक्षण अभियंता द्वारा 93.88 स्कोर प्राप्त कर अपने समूह में म0प्र0 में तृतीय स्थान अर्जित किया है। इसी तरह पुलिस विभाग के श्री राम शरण महोबिया सूबेदार स्टेनों द्वारा 91.8 स्कोर प्राप्त कर मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित किया है। एल-1 स्तर से संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने वाले खाद्य आपूर्ति कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रीठी रविन्द्र कुमार पटेल द्वारा कुल प्राप्त 47 शिकायतों में 46 शिकायत एल-1 स्तर से तथा एल-1 के अतिरिक्त 1 शिकायत कुल 47 शिकायत का निराकरण एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बड़वारा यज्ञदत्त त्रिपाठी द्वारा 30 शिकायतों में 26 तथा एल-1 के अतिरिक्त स्तर पर 4 शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया है। जबकि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ढीमरखेड़ा श्री प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा कुल प्राप्त 56 शिकायतों में एल-1 स्तर से 38 तथा एल-1 के अतिरिक्त स्तर पर 16 शिकायतों का निराकरण कर 93.43 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया है। पुलिस विभाग की बहोरीबंद की निरीक्षक अर्चना जाट द्वारा कुल प्राप्त 28 शिकायतों में एल-1 स्तर पर 27 तथा एल-1 के अतिरिक्त 1 कुल 28 शिकायतों का निराकरण किया है। जिले के टॉप विभागीय एल-1 अधिकारियों को समय-सीमा बैठक दिनांक 17 जुलाई 2023 को 11 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होकर प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने हेतु सूचित किया गया है।

## राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत यूविन पोर्टल के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण

# 7 अगस्त से मिशन इंद्रधनुष 5.0 की होगी शुरूआत



**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत यूविन पोर्टल के संबंध मे जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभा में किया गया । प्रशिक्षण मे डॉ राजेश केवट जिला टीकाकरण अधिकारी जिला कटनी द्वारा बताया गया कि जिले में यूविन पोर्टल के सुचारू क्रियान्वयन के लिए किस प्रकार से सब हेल्थ डिस्ट्रीक , हेल्थ फेसिलिटी , कोल्ड चौन प्वाईट , उपस्वास्थ्य केन्द्र , टीकाकरण के पूर्व सत्र बनाये जाना है। यूविन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तार से श्री अतुल करकरे परियोजन अधिकारी यू.एन.डी.पी, नितिन तपा डाटा मैनेजर व श्री सौरभ श्रीवास्तव व्हीसीसीएम द्वारा यूविन पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण हेतु बच्चे व गर्भवती माताओ की एंट्री की प्रक्रिया के बारे मे बताया गया। यूविन पोर्टल को नियमित टीकाकरण के लिये तैयार किया गया है यूविन पोर्टल मे रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से ये पता किया जा सकेगा कि बच्चे को कौन से टीके लगे है और अब कौन सा लगना है सर्टिफिक्रेट भी डाउनलोड कर सकेगे । कोई भी टीका देश के किसी भी कोने मे लग सकेगे। हितग्राही स्वयं भी अपना रजिस्ट्रेशन करके अपनी मनपंसद जगह मे टीकाकरण करा सकेगे । देश मे कोविन पोर्टल के माध्यम से कोविड टीकाकरण हुआ था कोविन पोर्टल से टीकाकरण काफी सफल रहा। इसके बाद भारत सरकार के द्वारा तय किया गया कि गर्भवती माताओं एवं बच्चो का टीकाकरण भी इसी तरीके से किया जावेगा। डॉ आर के अठया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कटनी द्वारा बताया कि 07 अगस्त से मिशन इंद्रधनुष 5.0 की शुरूआत ओगी। अभियान तीन चरणो मे आयोजित होगा। पहला चरण 7 से 12 अगस्त ,दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर, तीसरा चरण 09 से 14 अक्टुबर तक आयोजित होगा। अभियान मे गर्भवती माताओं एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो का टीकाकरण होगा। इस मिशन इंद्रधनुष मे खास बात यह है कि टीकाकरण यूविन पोर्टल के माध्यम से किया जावेगा।



# खदान में दो बच्चों के डूबने से मृत्यु के मामले मे खनिज विभाग नें शुरू की कार्यवाही

### मृत बच्चों के परिजन को राहत राशि देने की कार्यवाही भी प्रचलित

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा तहसील के ग्राम जमुनिया स्थित खनिज डोलोमाईट खदान के ट्रायल पिट में बरसात के जमे पानी में डूबने से हुई दो बच्चों की मौत के मामले में खनिज विभाग द्वारा संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है। दुर्घटना के तत्काल बाद मामले को त्वरित संज्ञान में लेकर मृत बच्चों के परिवारजनों को राजस्व विभाग के द्वारा आर.बी.सी -6-4 के तहत राहत राशि प्रदान करने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा डोलोमाईट खनिज हेतु समेकित अनुज्ञप्ति मेसर्स डिवाइन माईन्स एण्ड मिनरल्स द्वारा खान सुरक्षा निदेशक संचालनालय खान सुरक्षा निर्देशालय को दुर्घटना की जानकारी दी गई है। ग्राम जमुनिया के खसरा नंबर 7 रकवा 1.220 हेक्टेयर क्षेत्र पर खनिज डोलोमाइट का समेकित अनुज्ञप्ति सह उत्खनन पट्टा 18 माह की अवधि के लिए स्वीकृत होकर अनुबंधित है।

## भारतीय स्टेट बैंक ने कलेक्टर को भेंट किया 42 हजार रूपये का चेक

# टीबी मुक्त भारत बनाने एसबीआई ने बढ़ाया हाथ



**कटनी, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2025 तक भारत को टी.बी मुक्त बनानें के संकल्प में सहभागी बनकर कटनी जिले मे कलेक्टर के मार्गदर्शन में चल रहे सामाजिक अनुष्ठान के प्रकल्प में सहभागियों का कारवां बढता चला जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को भारतीय स्टेट बैंक ने इस पुनीत कार्य मे सहभागिता निभाते हांथ बढाया है। और 10 टी.बी रोगियों के लिए नि-क्षय बनकर पोषण आहार देने 42 हजार रूपये का चौक भेंट किया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के एस.डी.जी.एम श्री हरेराम सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों एवं जिला क्षय अधिकारी शैलेन्द्र दीवान की मौजूदगी रही। कलेक्टर ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा टी.बी. उन्मूलन के नेक कार्य में नि-क्षय मित्र बनकर सहभामिता निभाने की सराहना की। श्री प्रसाद ने समाज के संभ्रांत जनों और समाजिक संस्थाओं से क्षय रोग उन्मूलन कार्य में आगे बढ़कर योगदान देने और जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने की दिशा मे सार्थक प्रयास करने का आव्हान किया है।


Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

paytm

book my show

From 14th July 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 14 July to 20 July, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Zara Hatke Zara Bachke | 10.30.00 AM | 99-99-99-300 |
| Satyaprem Ki Katha | 1.15.00 PM | 99-130-170-300 |
| Satyaprem Ki Katha | 4.15.00 PM | 99-130-170-300 |
| Satyaprem Ki Katha | 7.15.00 PM | 99-130-170-300 |
| Satyaprem Ki Katha | 10.00.00 PM | 99-130-170-300 |
| Audi-02 | Show | |
| Mission Impossible : Dead Reckoning - Part One | 12.00.00 PM | 140-170-210-350 |
| Mission Impossible : Dead Reckoning - Part One | 3.15.00 PM | 140-180-220-350 |
| Mission Impossible : Dead Reckoning - Part One | 6.30.00 PM | 140-180-220-350 |
| Mission Impossible : Dead Reckoning - Part One | 9.45.00 PM | 140-180-220-350 |
| Audi-03 | Show | |
| Bharateeyans hindi | 1.00.00 PM | 110-150-150 |
| 1921 Horrors of the heart | 4.00.00 PM | 110-150-150 |
| Bharateeyans hindi | 6.45.00 PM | 110-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 10.00.00 PM | 110-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 141 रनों से धोया, अश्विन ने फिर लगाई रेकॉर्ड की झड़ी

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में पारी और 141 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। रविचंद्रन अश्विन ने दूसरी पारी में भी 7 विकेट लिए। इस तरह मैच में उन्होंने कुल 12 विकेट अपने नाम किए।



भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 141 रनों से धोया, अश्विन ने फिर लगाई रेकॉर्ड की झड़ी। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में पारी और 141 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। डोमिनिका के विंडसर पार्क में खेले इस मुकाबले भारतीय टीम के गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों ही विभागों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने तीसरे दिन अपनी पहली 421 रनों पर घोषित करते हुए वेस्टइंडीज के सामने 272 रन का लक्ष्य रखा, लेकिन रविचंद्रन अश्विन ने दूसरी पारी में भी घातक गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट लेकर वेस्टइंडीज को महज 130 रन पर समेट दिया। भारत के लिए डेब्यू मैच में 171 रन की पारी खेलने वाले यशस्वी जायसवाल को प?लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दरअसल, डोमिनिका टेस्ट में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। इसके बाद कैरेबियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम पहली पारी में महज 150 रन पर ऑल आउट हो गई। अश्विन ने भारत के लिए पहली पारी में विकेटों का पंजा लगाया।

## यशस्वी की ऐतिहासिक पारी

टीम इंडिया ने पहली पारी बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने शानदार शुरुआत दी। रोहित ने 103 रनों की पारी खेली तो यशस्वी ने डेब?यू में 171 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। इसके अलावा कोहली ने 76 रन बनाए तो वहीं जडेजा 37 रन बनाकर नाबाद रहे। टीम इंडिया ने अपनी पारी 5 विकेट के नुकसान पर 421 रन पर घोषित की। इस तरह भारत ने वेस्टइंडीज को 272 रनों लक्ष्य दिया।

## फिरकी में फंसी वेस्टइंडीज

तीसरे दिन जिस समय भारत ने पारी घोषित की उस समय दिन के 50 ओवर बाकी थे। इसके बाद अश्विन ने जबरदस्त गेंदबाजी की और महज 58 के स्कोर पर आधी वेस्टइंडीज टीम पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पूरी कैरेबियाई टीम महज 130 रन पर ऑल आउट हो गई और भारत ने ये मुकाबला 141 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। अश्विन ने फिर लगाई रेकॉर्ड की झड़ी रविचंद्रन अश्विन ने अपने क्रिकेट करियर में 34वीं बार पारी में 5 विकेट लेने का कमाल किया। वहीं, यह 8वीं बार था जब अश्विन ने मैच में 10 विकेट अपने नाम किए। हालांकि इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब 171 रनों की पारी खेलने वाले डेब्यूटेंट यशस्वी जायसवाल को दिया गया।

## शतक लगाते ही रोहित ने रचा इतिहास, क्रिकेट के तीनों ही फॉर्मेट में 3500 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** रोहित ने इस मैच की पहली पारी में 103 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 3500 रन पूरे कर लिए हैं। रोहित क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में 3500 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले विराट कोहली ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुक़ाबला डोमिनिका के विंडसर पार्क में खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को भारत ने कप्तान रोहित शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया। इस शतक के साथ रोहित ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। रोहित ने इस मैच की पहली पारी में 221 गेंद में 10 चौकों और दो सिक्स की मदद से 103 रन की पारी खेली। इस पारी के साथ रोहित ने लंबे समय से चले आ रहे रनों के सूखे को खत्म किया और टेस्ट क्रिकेट में अपने 3500 रन पूरे किए। इसी के साथ रोहित क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में 3500 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ऐसा कर चुके हैं। कोहली ने अपने क्रिकेट करियर में टेस्ट में 8515 रन, वनडे में 12898 रन और टी20 में 4008 रन बनाए हैं। कोहली के बाद अब रोहित शर्मा भी इस ग्रुप में शामिल हो चुके हैं। रोहित ने टेस्ट में 3540 रन, वनडे में 9825 रन और टी20 में 3853 रन बनाए हैं। इतना ही नहीं इस मैच में रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए यशस्वी जायसवाल संग 229 रन की साझेदारी की। इसी के साथ यह जोड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे अधिक रन की साझेदारी करने वाली भारतीय जोड़ी बन गई है।

# संघर्ष में तपकर निखरा यशस्वी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यशस्वी जायसवाल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू धमाकेदार अंदाज में किया है. उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिका में खेले जा रहे पहले टेस्ट में शतक ठोका। वे डेब्यू टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले 17वें भारतीय हैं.। यशस्वी भवः यही नाम रखा था, मैंने उस डॉक्युमेंट्री का। गुरुवार को जब अपने डेब्यू टेस्ट पर यशस्वी ने सेंचुरी जमाई तो एक आम क्रिकेट फैन की तरह मुझे भी लगा कि हम सब कहीं ना कहीं इस कामयाबी में हिस्सेदार हैं। एक मीडिया प्रोफेशनल के तौर पर मेरे हिस्से कुछ वैसा ही अनुभव आया जैसा 15 साल के सचिन तेंदुलकर का इंटरव्यू करके उन्हें दुनिया के सामने लाने वाले टॉम ऑल्टर के लिए रहा होगा। कहानी 2017 की है। मुंबई के किसी अखबार ने छोटी सी खबर छापी थी कि पानी पूरी बेचने वाला एक लड़का मुंबई के लोकल क्रिकेट में धूम मचा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार और सहकर्मी नरेंद्र पाल सिंह ने इस अखबार पर मेरा ध्यान दिलाया और तय हुआ कि हमें कुछ करना चाहिए। प्राथमिकाएं कई और भी थीं,कहानियां भी ढेर सारी थीं। हमारे नेटवर्क ने पृथ्वी शाह और स्मृति मंधाना जैसे खिलाड़ियों पर स्पेशल फीचर किये थे। हम सोच रहे थे कि यशस्वी का नंबर भी देर-सबेर आ जाएगा। लेकिन चंद महीने बाद अंदाजा हुआ कि मामला सिर्फ पांच मिनट की फीचर स्टोरी का नहीं है, डॉक्युमेंट्री बनानी पड़ेगी। मैं अपनी टीम के साथ यशस्वी के कोच ज्वाला सिंह के घर पहुंचा, जो सांताक्रूज में रहते हैं। एक बेहद दुबला पतला सा लड़का आया, काफी हद तक नर्वस सा। मैंने कहा– कोई सवाल नहीं पूछुंगा। मैं चाहता हूं तुम अपनी कहानी खुद कहो। जैसे ठीक लगे बोलते जाओ.. आराम से रिक़ॉर्ड करेंगे।

..और वो बच्चा एक साँस में अपनी पूरी कहानी बता गया। मिर्जापुर भदोही में घर है। पिताजी चौकीदार हैं और साथ एक छोटी दुकान भी चलाते हैं। क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन नहीं बन पाये। यशस्वी तेरह साल की उम्र में उनके साथ मुंबई आया था। उसने कहा– मैं कुछ भी करूंगा लेकिन वापस नहीं जाऊँगा, मुझे यहीं क्रिकेट खेलना है। पिता ने अपने किसी रिश्तेदार के यहाँ उसे दिहाड़ी नौकर की तरह रखवा दिया, जो डेयरी का काम करता था। क्रिकेट खेलकर 13 साल बच्चा थक जाता था और काम में हाथ नहीं बंटा पाता था। एक दिन रिश्तेदार ने सामान निकालकर बाहर फेंक दिया। उसके बाद यशस्वी चार महीने तक आज़ाद मैदान में अंजुमन इस्लामिया क्रिकेट क्लब के टेंट में सोया और ये सुविधा उसे इस्माइल नामक एक ग्राउंडमैन के ज़रिये नसीब हुई जिसे हो वो चाचा कहता था। यशस्वी धारा-प्रवाह बोलता रहा– बरसात में बहुत दिक्क़त होती थी। एक बार कीड़े ने काट दिया और आँख हफ़्ते भर तक सूजी रही। बारिश में बाथरूम बाहर जाना पड़ता था और कई बार रास्ते में ही हो जाता था। और उसके बाद वो रो पड़ा। माँ की बात जब-जब आई वो बच्चा रोया। इंटरव्यू के अगले दिन हम यशस्वी को उन तमाम जगहों पर ले गये जहां उसके संघर्ष के दिन बीते थे। शूट के दौरान यशस्वी मुझे उस टेंट में भी ले गया और पानीपूरी स्टॉल पर भी जहां, काम करने पर उसे दिन-भर में 25-30 रुपये मिल जाते थे और खाने को अलग से। आईपीएल ने यशस्वी को सुपर स्टार बनाया और अब वो शानदार इंटरनेशल डेब्यू के साथ क्रिकेट की दुनिया पर लंबे समय तक राज करने को तैयार है। इस कामयाबी का श्रेय जितना उसे है, उतना ही उसके कोच ज्वाला सिंह को भी है, जिन्होंने उसे एक तरह से एडॉप्ट किया था। ज्वाला भी किसी जमाने गोरखपुर से मुंबई अपना क्रिकेटिंग करियर बनाते आये थे लेकिन कामयाबी नहीं मिली। ढाई दिन के उस शूट में ज्वाला सिंह ने एक पिता की तरह कई बार मुझसे कहा– इसे समझाइये मोबाइल-वोबाइल के चक्कर में ना पड़े। उनका मन रखने के लिए मैं ये कहता रहा कि ध्यान रखना शोहरत आदमी को भटकाता है, यशस्वी एक आज्ञाकारी बच्चे की तरह सुनता और सिर हिलाता रहा। ज्वाला बताते रहे– अंडर 19 में धूम मचा रहा है लेकिन अपने आप को सुपर स्टार ना समझने लगे इसलिए मैं इसे ग्रांडेड रखने की कोशिश करता हूँ। कभी-कभी सब्जी भाजी लाने भी भेज देता हूँ। यशस्वी के परिवार वालों का इंटरव्यू करने के लिए हमने टीम को उसके गांव भेजा। उसके पिता से फोन पर मेरी लंबी बाते हुई। एक ही कहानी उन्होंने कई बार सुनाई जब यशस्वी पहली बार ज्वाला सर से मिलने जा रहा था, तो उसकी फाइल किसी बस में छूट गई। फाइल में अखबारों की तमाम कतरनें थी, जिससे पता चलता था कि जूनियर क्रिकेट में उसने क्या-क्या किया है। यशस्वी ने घर में फोन करके कहा कि अगर फाइल नहीं मिलेगी तो मेरी जिंदगी में कुछ नहीं बचेगा। उसके फोन कट गया। पूरा परिवार घंटों रोता रहा और भगवान को याद करता रहा। फिर फोन आया कि फाइल मिल गई है। किसी एक व्यक्ति के कामयाब सफर में कितने साझीदार होते हैं, आत्मीय जनों कैसे-कैसे सपने होते हैं। इन सब बातों का एहसास यशस्वी के सफर को देखकर बार-बार होता है। संघर्ष सबका होता है। लेकिन वो ज्यादा खूबसूरत और रोमैंटिक तब लगता है, जब सफल हो जाता है। मुझे याद आ रहा है कि यशस्वी ने बातों-बातों में अपने बड़े भाई का जिक्र कई बार किया था। बकौल यशस्वी वो भी उतना ही प्रतिभाशाली था। दोनो बच्चे पिता के मुंबई आये थे। पिता के पास साधन नहीं थे तो उन्होंने अपने हाथ खड़े कर दिये। बड़ा भाई आज्ञाकारी की तरह चुपचाप गांव लौट गया लेकिन यशस्वी ने जिद ठान ली– च्मर जाउंगा लेकिन वापस नहीं जाउंगा। राजस्थान रॉयल्स से लेकर भारतीय टीम तक जो भी लोग यशस्वी को करीब से देख रहे हैं, उनका यही कहना है कि ये लड़का बहुत ज्यादा फोकस्ड और हार्ड वर्किंग है और सबसे बड़ी बात ये है कि पाँव पूरी तरह ज़मीन पर हैं।

## यशस्वी जायसवाल के सामने अब ये बड़ा रिकॉर्ड, 45 रन बनाते ही इतिहास के पन्नों में अमर हो जाएगा 21 साल का युवा खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** जायसवाल ने दूसरे दिन शतक जड़ा रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। लेकिन अब भी एक ऐसा रिकॉर्ड है जो वे नहीं तोड़ पाये हैं। यह रिकॉर्ड डेब्यू मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने का है। जायसवाल इस समय 143 पर नाबाद खेल रहे हैं। ऐसे में अगर वे यहां से 45 रन और बना लेते हैं तो इतिहास के पन्नों में अमर हो जाएंगे। भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुक़ाबला डोमिनिका के विंडसर पार्क में खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ने 2 विकेट के नुकसान पर 312 रन बना लिए हैं और दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज के खिलाफ 162 रनों की मजबूत बढ़त बना ली। क्रीज़ पर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 143 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनका साथ पूर्व कप्तान विराट कोहली दे रहे हैं। कोहली ने अबतक 36 रन बना लिए हैं। जायसवाल ने दूसरे दिन शतक जड़ा रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। लेकिन अब भी एक ऐसा रिकॉर्ड है जो वे नहीं तोड़ पाये हैं। यह रिकॉर्ड डेब्यू मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने का है। डेब्यू मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड फिलहाल शिखर धवन के नाम है। साल 2013 में धवन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू करते हुए मोहाली में 187 रनों की पारी खेली थी। पहली पारी में यह रन बनाने के बाद दूसरी इनिंग में उन्हें बैटिंग करने का मौका नहीं मिला था। वहीं इस सूची में दूसरे पायदान पर कप्तान रोहित शर्मा 177 रनों के साथ मौजूद हैं। शर्मा ने ये कारनामा 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ही ईडन गार्डन्स के मैदान पर किया था। जायसवाल इस समय 143 पर नाबाद खेल रहे हैं। ऐसे में अगर वे यहां से 45 रन और बना लेते हैं तो इतिहास के पन्नों में अमर हो जाएंगे। इतना ही नहीं उनके पास डेब्यू मैच में दोहरा शतक लगाने का भी मौका है।

# एशियन गेम्स के लिए टीम का ऐलान, ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे कप्तान, रिंकू को भी मिला मौका

**नई दिल्ली।** 19वें एशियन गेम्स के लिए घोषित युवाओं से लैस भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे। इस टीम में रिंकू सिंह को मौका मिला है। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, प्रभसिमरन और जीतेश शर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। चीन में आयोजित होने वाले 19वें एशियन गेम्स में इस बार क्रिकेट खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्ष्टष्ट्ठ) ने भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। क्ष्टष्ट्ठ द्वारा घोषित इस 15 सदस्यीय टीम में युवाओं को मौका दिया गया है और इसकी कप्तानी सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई है। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कई खिलाड़ियों को इस टीम में चुना गया है। आईपीएल 2023 में अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से दुनिया में नाम करने वाले युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह को चयनकर्ताओं ने इस टीम में मौका दिया है। वेस्टइंडीज दौरे के लिए रिंकू का चयन नहीं किया गया था। जिसके बाद चयनकर्ताओं को ट्रोल्स का सामना करना पड़ा था। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, प्रभसिमरन और जीतेश शर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। भारत की इस टीम में तेज गेंदबाज के तौर पर अर्शदीप सिंह के अलावा मुकेश कुमार, आवेश खान, शिवम मावी को शामिल किया गया है। इस टीम में स्पिनर के तौर रवि बिश्नोई और शहबाज अहमद को शामिल किया गया है। वहीं वाशिंगटन सुंदर ऑलराउंडर खिलाड़ी के रूप में शामिल किए गए हैं। एशियन गेम्स में क्रिकेट के इवेंट मुकाबले 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक टी20 फॉर्मेट में खेले जायेंगे। मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा था कि धवन एशियन गेम्स में टीम की कप्तानी करेंगे, लेकिन उन्हें स्क्वॉड में जगह भी नहीं मिली है। एशियन गेम्स में तीसरी बार क्रिकेट का इवेंट आयोजित होगा।



# रंग संसार

## बॉलीवुड में कर रही हैं धमाकेदार एंट्री

# एकता कपूर ने दिया ऑफर जानिए क्या है फिल्म का नाम

अपने ड्रेसिंग स्टाइल और बोल्ड अवतार को लेकर उर्फी जावेद अक्सर लाइमलाइट में रहती हैं। लेकिन अब इस फिल्म से बॉलीवुड में लेने जा रही हैं धमाकेदार एंट्री।



उर्फी जावेद टीवी शो से लेकर ओटीटी बिग बॉस से अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस उर्फी जावेद अपने अतरंगी फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस हर दिन नए-नए डिजाइन के कपड़े पहने लोगों को चौंका देती हैं। इतना ही नहीं अपने अतरंगी फैशन और कपड़ों के अंदाज को लेकर सोशस मीडिया पर काफी ट्रोल भी होती रहती हैं।

उर्फी का कहना है कि वो ये सब इसलिए करती है क्योंकि उनको अटेंशन पसंद है। लेकिन आज उर्फी को लेकर हम दूसरी खबर लाएं हैं। उर्फी जावेद अब फिल्मों में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। मीडिया के अनुसार, एकता कपूर की फिल्म लव सेक् स और धोखा 2 में लीड एक्ट्रेस के लिए उर्फी को कास्ट करने की बात चल रही है। बिग बॉस 16 फेम निमृत कौर अहलूवालिया भी इस फिल्म में नजर आने वाली हैं।

## जानिए क्या है फिल्म की थीम

ये फिल्म साल 2010 में दिबाकर बनर्जी के डायरेक्शन में बनी है। यह फिल्म लव सेक् स और धोखा का सीक्वल है। इसके पहले पार्ट में राजकुमार राव, नुसरत भरुचा और अंशुमान झा जैसे कलाकार नजर आए थे। उस समय में इस फिल्म की जमकर तारीफ हुई थी। फिल्म स्स्र्स ?कैंडल ?स पर बेस्ड थी। अब एकता कपूर इसका सीक्वल लेकर आ रही हैं। जिसका थीम 'इंटरनेट के दौर में ए?यार' है। खबरों के अनुसार, एलएसडी 2 के मेकर्स ने उर्फी जावेद से फिल्म को लेकर कॉन्टैक्ट किया है। पिछली फिल्म में जिस तरह से तीन अलग-अलग कहानियों से शुरुआत हुई थी। उसी तरह इस बार भी फिल्म में अलग-अलग कहानियां दिखाई जाएंगी। जिसमें से एक कहानी में उर्फी नजर आएंगी। फैन ने पूछा, तुम क्या अपनी मूवी के टिकट खुद ही खरीद लेते हो? किंग खान ने दिया मजेदार जवाब उर्फी को इस फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। अगर सब सही रहा तो उर्फी जावेद एकता की इस फिल्म से बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री लेंगी। उर्फी पिछले दिनों डिजाइनर अबू जानी खोसला की ड्रेस में नजर आई थी। उर्फी इससे पहले बिग बॉस और स?ए?लि?ट्सविला जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं।

# जवान के लिए शाहरुख खान ने लिया इतना पैसा, इतने में बन जाए 10-20 फिल्में

शाहरुख खान की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'जवान' का प्रिव्यू देखकर फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं। इसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी बेताब है। किंग खान के अलग-अलग लुक ट्विटर पर ट्रेंड करने लगे हैं। इस फिल्म में नयनतारा, प्रियामणि, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा अहम किरदार में दिखेंगे। इसी बीच स्टारकास्ट के फीस का कई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है, जो हम आपको बताने जा रहे हैं...

बॉलीवुड की आने वाली बड़ी फिल्मों में शाहरुख खान की फिल्म जवान भी शामिल है।फिल्म जवान का ट्रेलर 10 जुलाई को रिलीज हुआ। फिल्म जवान 7 सितंबर को वर्डवाइड थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म का प्रोडक्शन शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान ने संभाला है और फिल्म का निर्देशन एटली कुमार ने किया है।




फिल्म का बजट200 करोड़ के आस-पास बताया गया है। इसमें सभी स्टारकास्ट की फीस और फिल्म का बाकी खर्चा शामिल है। जबकि फिल्म के प्रोड्यूसर शाहरुख खान हैं तो क्या उन्होंने फीस ली है? इन सभी सवालों का जवाब चलिए बताते हैं।

**जवान के लिए शाहरुख खान को मिली कितनी रकम–** शाहरुख खान की जवान साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म में इतनी बड़ी और शानदार स्टारकास्ट को देखकर फैंस काफी एक्साइटेड है। दीपिका पादुकोण कैमियो रोल में छा गई। पठान के बाद शाहरुख की ये दूसरी फिल्म है, जो इस साल रिलीज हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो किंग खान ने फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपये की भारी-भरकम फीस ली।

## नयनतारा-विजय सेतुपति की फीस

रिपोर्ट्स के मुताबिक साउथ एक्ट्रेस नयनतारा ने फिल्म के लिए 8-11 करोड़ रुपये की फीस ली है। जबकि प्रियामणि ने दो करोड़ की मोटी रकम चार्ज की है। फिल्म में खतरनाक विलेन के किरदार में विजय सेतुपति नजर आएंगे।कहा जा रहा है कि उन्होंने 21 करोड़ रुपये की मोटी रकम ली है। सुनील ग्रोवर भी प्रिव्यू में नजर आए है। उन्हें लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने 75 लाख रुपये लिए है। हालांकि दीपिका पादुकोण की फीस के बारे में कोई जानकारी नहीं है।यह सभी आंकड़ें मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक है, इसकी पुष्टि पत्रिका नहीं करता है।

# मौनी रॉयको एयरपोर्ट के अंदर नहीं मिली एंट्री, लोग बोले- भरी बेइज्जती, सोचा होगा हीरोइन हूं चली जाऊंगी, जानें मामला

छोटे पर्दे की नागिन यानी एक्ट्रेस मौनी रॉय का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह काफी परेशान नजर आ रही है। बुधवार सुबह मौनी रॉय को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान एक्ट्रेस के साथ कुछ ऐसा हुआ, जिसके बाद उनके होश उड़ गए। अभिनेत्री मौनी रॉय को एयरपोर्ट के गेट से वापस भेज दिया गया क्योंकि वह यात्रा के लिए अपना पासपोर्ट ले जाना भूल गई थी।



इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो के मुताबिक सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें एयरपोर्ट में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी। यह घटना सेलिब्रिटी फोटोग्राफर वरिंदर चावला द्वारा साझा की गई थी जहां, मौनी को मुंबई एयरपोर्ट पर खड़ा देखा गया था। उन्हें सुरक्षा गार्ड ने मुख्य द्वार पर रोक दिया। इसके बाद उन्हें अपने हैंडबैग में कुछ देखते हुए देखा गया। बाद में मौनी अपनी कार में वापस लौट गई।

## वापस घर लौटने के लिए अपनी कार में जाकर बैठ जाती हैं मौनी

एयरपोर्ट पर मौजूद पपाराजी ने इस मोमेंट को अपने कैमरों में कैप्चर कर लिया है। इस वीडियो में जब मौनी को अंदर एंट्री करने से मना कर दिया जाता है तो वह वापस घर लौटने के लिए अपनी कार में जाकर बैठ जाती हैं। हालांकि, इस दौरान मौनी पलटकर पपाराजी से ये भी कहती दिखती हैं - हो गया, हो गया। मौनी के इस वीडियो पर लोगों ने काफी कुछ लिखा है।

## लोगों ने कहा– भरी बेइज्जती, सोची होगी हीरोइन हूं चली जाऊंगी


एक यूजर ने कहा- भरी बेइज्जती, सोची होगी हीरोइन हूं चली जाऊंगी। एक ने कहा- हो नहीं गया मैडम, अब तो चालू हुआ है। क्या सोचा कि एक्टर हैं तो कहीं भी आ-जा सकते है? एक ने कहा- कानून के सामने सभी नागरिक एक समान हैं। एक और ने कहा- थोड़ा मेकअप पर कम ध्यान रखो बहन। अभिनेत्री मौनी रॉय अगामी फिल्म द वर्जिन ट्री में संजय दत्त और पलक तिवारी के साथ नजर आएंगी।

## 78 साल की बॉलीवुड की सुपरस्टार हीरोइन, फ्लॉन्ट की 22 इंच की कमर

सायरा बानो ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर डेब्यू किया है और तब से वह खूबसूरत थ्रोबैक तस्वीरें साझा कर रही हैं। अब उन्होंने अपनी एक पुरानी तस्वीर साझा की है, जो उनकी जवानी के दिनों की है। इस तस्वीर में अभिनेत्री बहुत प्यारी लग रही हैं। इन दौरान अभिनेत्री पुराने दिनों की यादों में खोई नजर आईं। सायरा बानो फिल्म एक्ट्रेस है। अब उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी एक फोटो शेयर की है। इसमें उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर काफी पसंद की जा रही है। एक्ट्रेस सायरा बानो ने फोटो शेयर करते हुए एक दिलचस्प कमेंट किया है। इसपर कई फैंस ने प्रतिक्रिया भी दी है।



सदाबहार फिल्म एक्ट्रेस सायरा बानो ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने 22 इंच की कमर नहीं होने पर निराशा जताई है। उन्होंने जानकारी दी है कि जब वह जवान थी, तब उनकी कमर इतनी ही थी। सदाबहार अभिनेत्री सायरा बानो ने रविवार को अपनी एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है। उन्होंने अपनी यादों के झरोखों से एक फोटो शेयर की है। सायरा बानो इंस्टाग्राम से कब जुड़ी है सायरा बानो हाल ही में इंस्टाग्राम से जुड़ी है। उन्होंने अपनी जवानी के दिनों को याद किया है, जब उनकी कमर 22 इंच की हुआ करती थी।






# कुठला और बरही क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो की मौत

**कटनी, यशभारत।** कुठला व बरही थाना अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुठला थाना अंतर्गत उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ महुली निवासी 36 वर्षीय दिलीप कुमार पिता महादेव वर्मा की सड़क दुर्घटना में आई चोटों के कारण मौत हो गई। इसी प्रकार बरही थाना अंतर्गत ग्राम डीघी में ग्राम सलैया सिहोरा निवासी 19 वर्षीय पुष्पेन्द्र पिता बरसाती प्रजापति की सड़क दुर्घटना में आई चोटों के कारण मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

# डिवाइडर में फंसा मृत मवेशियों से भरा ट्रक

**चालक व परिचालक फरार, पुलिस ने दर्ज किया मामला**

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी पुलिस चौकी के अंतर्गत जबलपुर-रीवा बायपास मार्ग पर मृत मवेशियों से भरा एक ट्रक डिवाइडर में फंस कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक फंसे होने की सूचना झिंझरी चौकी पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक में मवेशियों को देख सकते में आ गई। क्रेन से ट्रक निकलवाकर जब पुलिस ने मवेशियों की जांच कराई तो 18 मृत व दो मवेशी जीवित मिले। मौके पर न तो चालक मिला और न ही परिचालक। चौकी पुलिस ने अज्ञात चालक व ट्रक मालिक के खिलाफ क्रूरता पूर्वक पशुओं के परिवहन सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज दुबे ने बताया कि ट्रक क्रमांक सी.जी.04एनएक्स-5617 संभवतः सतना से जबलपुर की ओर जा रहा था। मवेशियों को छिपाने के लिए ट्रक के ऊपर भूसा की बोरियां रखी गई थी। वाहन के नंबर के आधार पर आरोपियों का पता लगाया जाएगा। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के साथ मृत गौवंशों का पीएम करवाकर जेसीबी मशीन से गड्ढा करवाकर मिट्टी डलवाई।

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40%
ICMT COMPUTER INSTITUTE
DCA | TALLY | COMPUTER | SPOKEN ENGLISH
PGDCA | CPCT | HARDWARE COURSE | Competition Coaching
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी

सी.आर.एम. क्लीनिक
इन्फिनिटी हार्ट इंस्टीट्यूट
जीवन को वर्षों से जोड़ना
दिनांक-16.07.2023, दिन रविवार को परामर्श उपलब्ध
समय-दोपहर 1 बजे से सायं 3 बजे तक
स्थानः रुपलाल बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, सम्राट गली के सामने, कटनी (म.प्र.)
फोन-07622-2255824, 7024132323
अपॉइंटमेंट के लिए कृपया हमें कॉल करें 8826395999
उपलब्ध सेवायें- डॉ. अंकित अग्रवाल, एम.डी.डी.एम.(कॉर्डियोलॉजी), एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्ट, पेसमेकर, बायवास सर्जरी उपलब्ध जाँचे- ई.सी.जी., ईको, टी.एम.टी., ब्लड टेस्ट
एम.डी. (मेड)आई.एम.एस.बी.एच.यू.ए. वाराणसी डीएम कार्डियोलॉजी एसएसकेएम, आईपीजीएमई एवं आर कोलकता एडंवास कार्डिएक कैथेराइजेशन में फैलोशिप (माउंट सिनाई न्यूयॉर्क) पूर्व सलाहकार एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट 10000 से अधिक एंजियोग्राफी, 4000 एंजियोप्लास्टी और 6000 स्थायी पेसमेकर प्रत्यारोपण का अनुभव
CGHS, CSMA, ECHS से मान्यता प्राप्त
विभिन्न लाईफ इंश्योरेंस बीमा कंपनी द्वारा मान्यता प्राप्त
राज्य शासन के कर्मचारियों के लिए मान्यता प्राप्त
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना
डॉ. अभिषेक शर्मा, एमबीबीएस डिप. कार्ड, (पीजीडीसीसी)
डॉ. एस. के. शर्मा, एम.डी. मेडिसिन (वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ)

शिकागो पब्लिक स्कूल
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस
आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला
शाला के सफलतम 25 वर्ष
भूलना भूल जाओगे
मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को निःशुल्क
प्रवेश प्रारंभ
स्कूल की पढ़ाई कैसी हो, एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता
पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885

अपने बच्चों का भविष्य स्वयं सुधारिये.....
Join the BEST
in EDUCATION, in ATMOSPHERE, in DISCIPLINE, in GAMES & Overall
KIRAN NATIONAL PUBLIC SCHOOL
किरण नेशनल पब्लिक स्कूल
NURSERY, KG-I, KG-II, CLASS 1st TO 8th ENGLISH MEDIUM
मोहन नगर दुर्गा मंदिर के पास, कैलवारा रोड, कटनी (म.प्र.) मो. 9977500636

सावित्री विद्यापीठ
SVP E.M.H.S. School
अंग्रेजी माध्यम, हायर सेकेण्डरी स्कूल, नर्सरी से कक्षा 12वीं तक
21 वर्षों का विद्यालय संचालन अनुभव
जल्दी कीजिये सीमित आवेदन
Website: www.savitrividyapeeth.com
Instagram: svpschoolkatni
facebook - savitrividyapeeth
आवश्यकता है
PTI खेल प्रशिक्षक संगीत शिक्षक व एकाउंट्स टीचर
पन्ना तिराहा कुठला, कटनी Mo. 9753272015, 8770603379

अच्छी शिक्षा अच्छे जीवन की आधारशिला
विगत 27 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी/हिन्दी मा. का सफल संचालन कक्षा 10वीं/12वीं के सफलतम रिजल्ट के साथ प्रवेश प्रारंभ
विज्ञान/कला/कामर्स/कम्प्यूटर साइंस
कटनी पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल
पता- आधारकाप, केडीसी के पास जगमोहनदास वार्ड नई बस्ती, कटनी मो. 8989979488 (whatsup) 7000697892, E-mail - kphsskatni@gmail.com
लक्ष्मीकान्त भारद्वाज

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN
10TH CLASS TOPPER 96% कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान VASHISHSHTH GURU
12TH CLASS TOPPER 92% ANUSHKA DWIVEDI
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain Mo. 8989020207

आवश्यकता है
टेली/बिजी सॉफ्टवेयर में डाटा फीडिंग करने हेतु पुरुष/महिला की आवश्यकता है।
वेतनमान 10,000/-
संपर्क मो. 9425465227

SYNA INTERNATIONAL SCHOOL, KATNI (M.P.)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE POST OF PRT, TGT, PGT'S FROM SUITABLE CANDIDATES WITH EXCELLENT COMMUNICATION SKILLS & AT LEAST 3 YEARS OF EXPERIENCE FOR A REPUTED CBSE CO-EDUCATION BOARDING CUM DAY SCHOOL IN KATNI (M.P.)
We are HIRING
1. PRT - English: Graduate / Post Graduate in English with B.Ed. or NTT.
PRT - Hindi: Graduate / Post Graduate in Hindi with B.Ed. or NTT.
PRT - Math: Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed. or NTT
2. TGT - Math: Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed.
TGT - Social Science: Graduate / Post Graduate with Geography as one of the subjects & B.Ed.
TGT - Hindi: Graduate / Post Graduate with Hindi as one of the subjects & B.Ed.
3. PGT - Maths: Post Graduate and B.Ed., PGT - Physics: Post Graduate & B.Ed.
PGT - Chemistry: Post Graduate & B.Ed., PGT - Accountancy: Post Graduate & B.Ed.
BAND MASTER, CLASSICAL & WESTERN MUSIC (INSTRUMENTAL)
COMPUTER MAINTENANCE & SYSTEM ADMINISTRATOR
THE SCHOOL SHALL OFFER AN ATTRACTIVE PAY PACKAGE & OTHER PERKS INCLUDING:
Free Accommodation, Free Meals During Term Time, Medical Insurance, Personal Accident Policy, Exemption of fee to the wards of teaching staff, PF as per government rules, Higher start for deserving candidates
Interested candidates can share their resumes with expected salary & notice period on:
ppl@synainternational.edu.in
whatsapp at +91 99775 83555

JAIN GROUP OF INSTITUTIONS
2023 Session Start SCHOOL ADMISSION New open for Entry
Approved by M.P. Board of Sec. Education to MPBSE Bhopal Affiliation Code- 744124
JAIN NURSERY
ENGLISH MEDIUM HIGHER SEC.SCHOOL
Class Nursery, KG-1, KG-2, to Class 12th
ART SCIENCE COMMERCE
MATHS & BIO GROUP
SMART FEATURES
- Smart Classes & Library - SMS Service to parents
- Survelliance Cameras in all class Room
- Computer & Science Labs
- Excellente Teachers with Good Communication Skills
प्रकाश जैन
वर्षा जैन, प्राचार्य
Shiv Nagar, Balaji Nagar, Nadipar, katni (m.p.)
Mo. 7999291401, E-Mail -jainnurseryschool@gmail.com

GAGAN
अपना गगन डिटर्जेंट पाउडर की डिस्ट्रीब्यूशन लेने के लिए संपर्क करें
Order now
9300840844

जीवन को समरस, सुसम्पन एवं सुसंस्कृत बनाने हेतु समर्पित विद्याभारती की वैचारिक एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का संस्थान विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से मार्गदर्शित सरस्वती शिक्षा परिषद से संबद्ध
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त)
आई.एस.ओ. 9001- 2008 प्रमाणित
अटल टिंकरिंग लेब, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर प्रयोगशाला
स्पोकन इंग्लिश क्लासेस की पृथक व्यवस्था
सरस्वती शिशु मंदिर / उच्च. माध्य. विद्यालय कटनी
नई बस्ती कटनी (म.प्र.)
कक्षा अरूण से द्वादश तक
दूरभाष -07622- 409413, 409975
धन्य कुमार गांधी, अध्यक्ष
चंद्र प्रकाश बरसैंया, व्यवस्थापक
पुरूषोत्तम माली, प्राचार्य

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी, बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक, बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

SAHIL MOBILE GALLERY
अपने सपनों को करें साकार
आपकी मनपसंद मोबाइल अब आसान किस्तों में उपलब्ध
सभी मोबाइल कंपनियों के लेटेस्ट मॉडल उपलब्ध
0 प्रतिशत ब्याज दर मोबाइल फाइनेंस उपलब्ध
6 माह, 8 माह, 10 माह एवं 12 माह की आसान किस्त
न्यूनतम डाउन पेमेंट तुरंत लोन अप्रूवल
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें- मो. 09755555860
oppo vivo realme mi SAMSUNG ONEPLUS NOKIA iQOO
झूलेलाल मार्केट स्टेशन रोड, कटनी (म.प्र.)

सबसे अच्छा - सबसे आसान
सीधे प्रवेश की सुविधा
B.Ed. D.Pharma D.Ed.
NCTE Approved-RDVV Recognized Code - 334 Code - 2243
NCTE Approved-MP Board Recognized Code - 72203 Code - 72205
प्रवेश प्रारंभ
LL.B. · BBA · BCA · B.Com · BA · B.Sc.
M.Com · MSW · MA Edu. · PGDCA · DCA
जिले की सबसे कम फीस -सर्वश्रेष्ठ सुविधा-सबसे अच्छी पढ़ाई
SILICOBYTE KDC सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी 9981435977 silicobyte@yahoo.com

Admission OPEN
CHADHA GROUP OF INSTITUTIONS
Accredited By NAAC
KATNI ARTS & COMMERCE COLLEGE
CHADHA COLLEGE
Your dream your expectation your success
MBA
B.Com | BBA | BCA | BA |
B.Sc. | B.Sc. PCM | B.Sc. CS | MSW | B.Lib.
LL.B. | LL.M. | M.Com | PGDCA | DCA
Saraswati School Road, Nai Basti, Katni (M.P.)
Mob.: 8817403036, 88701017268

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्कः- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पताः- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003,
Email:-nisha.drent@gmail.com

naturals
India's No.1 hair and beauty salon
OPEN NOW
@ CITY MALL
@ City Mall Katni, 2nd Floor, Barhi Road, Near Main Railway Station, Katni M.P. - 483 501
Mobile : 9343609476

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)